मान्यवर, मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ ऐसी ताकतें हैं जो बाहर हमारे भाई हैं, उनको भड़काकर और उनको गलतफहमी में डाल कर स्थिति को बिगाड़ना चाहती हैं और ये वही ताकतें हैं जो कभी हिन्दुस्तान को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में नहीं देखना चाहती थीं, ये वही ताकतें हैं जो, जब हमारा देश स्वतन्त्र हो रहा था, उस समय यह कह रही थीं कि यह देश कभी एक राष्ट्र के रूप में, एक कौम के रूप में खड़ा नहीं हो सकता। आज जब अमेरिका की सीनेट के सामने जगजीत सिंह को बुलाया जाता है पी०एल०480 के प्रभाव की जांच करने के लिए और उसके विषय में क्या कुछ हुआ है उस के सम्बन्ध में जो प्रश्न पूछे जाते हैं, तो इस देश की अखण्डता के लिए एक प्रश्नवाचक चिन्ह बन

सकता है। हम को अमेरिका की सरकार को यह साफ़ बता देना चाहिए कि इस तरह की हरकतें हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। कैनाडा के अन्दर जिस तरह से खालिस्तान की मांग को प्रश्रय दिया जा रहा है, सरकार को कैनाडा की सरकार को यह साफ बताना चाहिए कि उनके यहां कैनाडा में क्यूवका में भी इसी प्रकार का एक आन्दोलन चल रहा है। हमारे यहां कोई जन आन्दोलन नहीं है लेकिन वहां पर जन आन्दोलन है। हम भी उसको समर्थन दे सकते हैं। इंग्लैंड के अन्दर बी०बी०सी० द्वारा खालिस्तान के समर्थकों को बोलने की इजाजत दी गई। सरकार को इंग्लैंड की सरकार से भी विरोध प्रकट करना चाहिए। नहीं तो, यदि वे हमारे साथ इस तरह का खिलवाड़ कर सकते हैं, तो हम भी आयरलैंड के लोगों का समर्थन कर सकते हैं।

मैं इस विषय पर ज्यादा न कहते हुए क्योंकि आपने जो यह भावना व्यक्त की है कि कोई ऐसी बात न कही जाए, जिससे वहां की स्थिति और बिगड़े, मैं और इस सदन का प्रत्येक सदस्य आपकी इस भावना से पूर्णतया सहमत हूं। अखबारों में कुछ समाचार छपे हैं। यदि ऐसी बात है और अखबारों ने कमेंट किया है कि कृपाल सिंह, जो अकाल तख्त के हैड चुने गये हैं, उससे अकाली दल में नरम-पंथियों की विजय हुई है और लौंगोंवाल साहव ने जो शपथ दिलाई है, जिसमें भिंडरवाला साहब भी शामिल हुए हैं, कि जो कुछ आदेश लोंगोवाल साहब का होगा, उसका सब लोग पालन करेगें, हो सकता है कि यह मी एक अच्छा लक्षण हो। जो रिसेंट डैवलपमेंट पंजाब के अन्दर हुए हैं, उनको देखते हुए मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इनको मद्देनजर रखते हुए क्या वे अकाली दल लोगों को पुनः वार्ता के लिए आमंत्रित करने जा रहे हैं या नही ? यदि आपने वार्ता के लिए आमंत्रित किया है, तो उनकी प्रतिक्रिया किस प्रकार की है और दूसरी बात यह है कि यह जो वार्ता होगी यदि इस वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकलता है, तो क्या सरकार इस प्रस्ताव पर भी विचार करेगी कि एकतरफा जिस तरीके से आपने उनकी धार्मिक मांगों को स्वीकार किया है, उसी प्रकार उनकी जो और मांगें, उन में जो भी पक्ष आप उचित समझते हों, जितना भी आप स्वीकार करना चाहते हैं, उस को स्वीकार करेंगें, तो उसकी घोषणा आप करेंगे या नहीं ?

श्री प्रकाश चन्द्र सेठी : मैं माननीय सदस्य से सहमत हूं कि वहां की स्थिति को किसी भी बयान से बिगड़ने से रोकना चाहिए और जहां तक हाल ही में कुछ बयानात आए हैं, उसमें श्री लौंगोंवाल के इस बयान का स्वागत करता हूं, जिसमें उन्होंने खालिस्तान की मांग का विरोध करने की बात कही है।

दूसरे यह भी सही है कि जो उन्होंने शपथ दिलाई है, उसमें भिंडरवाला साहब ने भी शपथ ली है और इस प्रकार से वे संत लोगोंवाल की लीडरशिप को मानने के लिए इस शपथ के द्वारा रजामन्द हो गये हैं।

PROF. N. G. Ranga (Guntur) : They have taken such a long time to say that. I am sorry to say that.

श्री प्रकाश चन्द्र सेठी : जहां तक बातचीत के लिए, वार्ता के लिए बुलाने का सवाल है, यह सारा मामला अभी विचाराधीन है।

MR. DEPUTY SPEAKER : Yes, now Shri B.D. Singh.

SHRI MANI RAM BAGRI : About ABC..... *(Interruptions)*

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Bagri, you have already taken 35 minutes. Are you still not satisfied ?

SHRI MANI RAM BAGRI : The question was about BBC, that is why I wanted to add something more.

MR. DEPUTY SPEAKER : You have done maximum justice, because your name was the first on the list.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East) : Maximum injustice?

MR. DEPUTY SPEAKER : No, no. Justice', I said.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : I thought, I heard 'injustice'.

MR. DEPUTY SPEAKER : No.

SHRI NIREN GHOSH (Dum Dum) : He made a speech for half an hour.

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, Shri B.D. Singh,

श्री बी०डी० सिंह (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, पंजाब की स्थिति दिनों-दिन बदतर होती जा रही है और यह आशंका है कि यदि इस स्थिति को इसी प्रकार से चलने दिया गया तो परिणाम भयानक हो सकते हैं और देश की एकता को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है ।

मान्यवर, विडम्बना यह है कि खालिस्तान की मांग उन लोगों की तरफ से की जा रही है या हिन्दू धर्म मुर्दाबाद के नारे उन लोगों की तरफ से लगाये जा रहे हैं जिन्हें हमारे गुरुओं ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित किया था । मैं अपने सिख भाइयों से कहना चाहूंगा कि हिन्दू लोग भी गुरु गोविन्द सिंह जी का नाम उतने ही आदर और श्रद्धा से लेते हैं जितने कि सिख लोग लेते हैं । मैं यह मानता हूं कि सिख और हिन्दू एक रक्त और मांस हैं । यह न केवल भौतिक अर्थों में बल्कि गैर-भौतिक और आध्यात्मिक अर्थों में भी । यह बात बिल्कुल सही है ।

मान्यवर, जहां तक आज के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का प्रश्न है, मैं कहना चाहूंगा कि खालिस्तान राष्ट्रीय परिषद् का कार्यालय गुरु नानक निवास में बराबर चल रहा है और इसको हमारे गृह मंत्री जी ने भी स्वीकार किया है । उसका तथाकथित जनरल सैक्रेटरी बलबीर सिंह संधु उसमें पिछले तीन सालों से बराबर निवास कर रहा है । उसने यह बयान दिया है कि वह समय समय पर बाहर भी घूमता रहा है । संधु ने यह बात भी कही है कि वह पिछले तीन महीनों से खालिस्तान राष्ट्रीय परिषद् के अध्यक्ष या प्रेजीडेंट जगजीत सिंह चौहान के आदेश से बाहर नहीं गया है । अब वह गुरु नानक निवास में ठहरा है ।

उपाध्यक्ष महोदय, यह बात समझ में नहीं आती कि कुछ समय पूर्व जब इसी सदन में पंजाब की स्थिति पर चर्चा हो रही थी तो हमारे कई सिख भाइयों ने इस बात को कहा था कि गुरु नानक निवास स्वर्ण मन्दिर से एक अलग स्थान है, वह मन्दिर के साथ नहीं आता और वह एक तरह से होटल या कहिए धर्मशाला जैसा है और वहां कुछ लोग निवास करते हैं, वहां पर पुलिस के जाने से मंदिर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । जब हमारे सिख भाइयों ने इस विचार को व्यक्त किया तो फिर जो अपराधी या विघटनकारी तत्व वहां पर शरण ले रहे हैं, उनको पकड़ने की व्यवस्था पुलिस के द्वारा क्यों नहीं होती ?

उपाध्यक्ष महोदय, यह हमारा धर्मनिरपेक्ष देश है, राष्ट्र है और सरकार को सभी धर्मों को समान निगाह से देखना चाहिए । लेकिन

यह बड़ी शंका उत्पन्न हो जाती है और यह विषय बड़ा गंभीर हो जाता है जब कुछ लोग धर्म के नाम पर लोगों में भेदभाव, घृणा की भावना उत्पन्न करते हैं और फिर वे सरकार से विशेष सुविधाएं प्राप्त करते हैं मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि भारत अनेक धर्मों का संघ है, उनके जो पूजा गृह हैं उनमें यदि कोई अराजक तत्व शरण लेते हैं तो उनको पुलिस गिरफ्तार करेगी या नहीं ? यह बड़ा गंभीर प्रश्न है। किसी विशेष धर्म स्थान के साथ कोई विशेष बात लागू हो और दूसरे धर्म स्थानों के साथ दूसरी बात लागू हो, यह बात कहां तक उचित है। जहाँ तक मैं समझता हूं कि किसी भी धर्मस्थल पर यदि अपवित्र लोग निवास करते हैं तो उससे उस पवित्र स्थान की पवित्रता भंग होती है। उनको गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

दूसरी बात आकाशवाणी प्रसारण के बारे में है। सभी धर्मों की जो अच्छी बातें हैं, इन्सान को एक दूसरे के नजदीक लाती हैं, प्रेम भाव पैदा करती हैं, उनको अगर प्रसारित किया जाए तो ठीक है। यदि कोई धर्म विशेष अपनी बातों को आकाशवाणी से प्रसारित करवाता है, उनको यह सुविधा दी जाती है तो क्या दूसरे धर्मों की बातों को प्रसारित करने की भी सुविधा दी जाएगी ? इस तरह की मांग और लोग भी कर सकते हैं और यह एक समस्या पैदा हो जाएगी। इस बात को मंत्री जी स्पष्ट करें।

जहां तक खालिस्तान की बात है, मेरे खयाल में पिछले दिनों जब खालिस्तान के बारे में सदन में चर्चा चल रही थी तो जगजीत सिंह चौहान के बारे में कई भाइयों ने यहाँ पर कहा था कि उसको बहुत महत्व नहीं दिया जाना चाहिए। वह कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति नहीं है। इसको इग्नोर किया जाना चाहिए। लेकिन यह समस्या दिन प्रति दिन गंभीर होती चली जा रही है। हमारी सरकार ने उनका पासपोर्ट रद्द कर दिया है लेकिन इंग्लैंड की सरकार के आईडिएंटिटी सार्टीफिकेट से वह दुनिया के तमाम देशों का भ्रमण कर रहा है। जैसा कि मेरे पूर्ववक्ता साथी ने कहा है, अमरीका में भी क्या षडयंत्र हो रहा है, हमारी समझ में नहीं आता। मेरी जहां तक जानकारी है कि जगजीत सिंह चौहान एम बी बी एस डाक्टर है। कृषि के बारे में इसकी कोई जानकारी नहीं है। लेकिन यू एल ए की सीनेट एग्रीकल्चर कमेटी कृषि संबंधी मामलों पर विचार विमर्श करने के लिए उसको आमंत्रित करती है। इसी आधार पर उसको बीसा दिया जाता है। वहां पर बयान आया है कि चौहान कमेटी के सामने उपस्थित नहीं हुए, बल्कि भिन्न-भिन्न स्थानों पर घूमकर सिख लोगों और अकाली दल के समर्थकों से मिलकर खालिस्तान के प्रचार संबंधी बात करते रहे। वहां पर जो संगठन बना है उसने पिछली 11 अप्रैल को सेन फ्रासिस्कों में काउंसिल जनरल के सामने प्रदर्शन किया और 18 अप्रैल को यू एन ओ के सामने प्रदर्शन करने की योजना थी। सिक्खों के मानव अधिकारों के अपहरण के संबंध में इस तरह का जो गलत प्रचार हो रहा है उसके बारे में क्या सरकार कोई कार्यवाही करेगी। इन सवालों को लेकर सरकार इंग्लैण्ड सरकार से यू.एस.ए. से और यू०एन०ओ० से कोई बातचीत करेगी ?

13.00 hrs.

एक बात मैं अवश्य जानना चाहूंगा और वह यह कि अमृतसर की खबरों से ऐसा प्रतीत होता है कि अमृतसर ऊपर से देखने में तो शांत है लेकिन अन्दर ही अन्दर तनाव पूर्ण स्थिति क्यों है ? एक तरफ अकाली दल में आन्दोलनकारी

लोग बढ़ रहे हैं और दूसरी तरफ हिन्दुओं की तरफ से भर्ती हो रहे हैं। इससे तनाव का वातावरण पैदा हो रहा है। वहां के हिन्दु कहते हैं कि वहां सी०आर०पी०एफ० रहनी चाहिए और पंजाव की पुलिस नहीं होनी चाहिए। सिख लोग कहते है कि पंजाब पुलिस ही रहनी चाहिए, सी०आर०पी०एफ० नहीं। इसका गम्भीर प्रभाव वहां पड़ रहा है। वहां जो इंडस्ट्रीज चल रही है, उनमें तीस परसेन्ट रा-मेटीरीयल नहीं पहुंच पा रहा है और जो फिनीश्ड गुड्स हैं, उनका डिस्पोजल भी ठीक से नही हो रहा है। ऐसे तनाव के वातावरण में वहां विस्फोटक स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए, केन्द्रीय सरकार को बड़ी गंभीरता से इस विषय को लेना चाहिए। यह खुशी की बात है कि सरकार वहां के नेताओं के साथ फिर से वार्तालाप प्रारंभ करने की पहल कर रही है। हमारी प्रधान मंत्री, गृह मंत्री और विरोध पक्ष के लोगों को भी विश्वास में लेकर यह वार्तालाप होनी चाहिए नहीं तो दिन-प्रति-दिन आन्दोलन बढ़ता जायेगा और स्थिति भयानक होती चली जायेगी। रावी और व्यास के पानी के बंटवारे की बात 1976 में तय हो गई थी। उस समय या तो सारे पहलुओं पर विचार नहीं किया गया। अगर एक बार निर्णय लिया तो फिर ट्राइब्युनल को देने की बात क्यों मान ली। किसी के दबाव में ऐसी बात नहीं मानी जानी चाहिए। उसका बटवारा इस प्रकार हो जिससे राष्ट्र को अधिक से अधिक लाभ पहुंच सके। जो प्रदेश प्रभावित हैं, उनको भी विश्वास में लेकर कोई न कोई निर्णय लेना चाहिए।

श्री प्रकाश चन्द्र सेठी : मैं माननीय सदस्य को पहले यह बताना चाहूंगा कि बलबीर सिह संधू 1981 के बीच से गुरू नानक निवास में गया है, अब तक वह वहां से बाहर नहीं निकला है। इसलिए, बाहर जाने का तो सवाल ही नहीं है। जहां तक दफ्तर चलाने का सवाल है, मैंने यह कहा है कि वह उस कमरे का उपयोग दफ्तर चलाने के लिए कर रहा है। इस प्रकार की कोई सूचना हमारे पास नहीं है कि वहां कोई साईन बोर्ड लगा है। जहां तक वहां की सिक्योरिटी का सवाल है, हम खुद नहीं चाहते कि हिन्दुओं और सिखों में तनाव बढ़े। इसको रोकने के लिए हम प्रयत्न कर रहे हैं। जहां तक रा-मेटीरीयल कम हो जाने का प्रश्न है, उसकी जानकारी मुझे नहीं है। माननीय सदस्य को इस बात का आश्वासन देना चाहता हूं कि इन्डस्ट्री मिनिस्टर का ध्यान अवश्य इस तरफ आकृष्ट करूंगा। जहां तक सी०आर०पी० एफ० का सवाल है, उसको कानून और व्यवस्था की स्थिति सुधारने के लिए भेजा जाता है। उसको एक ग्रुप या कुछ लोगों के कहने से वापिस बुलाने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता।

श्री मनीराम बागड़ी : अमरीका और ब्रिटेन के बारे में भी सवाल था।

श्री प्रकाश चन्द्र सेठी : यह विदेश मंत्रालय से संबंधित है। वे इस मामले को संबंधित सरकारों के साथ टेक-अप कर रहे हैं।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East) : Sir, this House has already had one Calling Attention Motion on the Punjab situation a little earlier, and I had occasion to speak on that also. But the passage of time has not improved the situation. In fact, on that Calling Attention the Minister gave us an assurance that the Government of India would take steps to see that the situation is brought under control, but the reports do not suggest that.

In fact, today *The Tribune* carries the story, the description of a person, who was in the hospital with an eye surgery and recovering from that. He happened to be a Nirankari. Some people went to the

hospital, threw a bomb and killed him and ran away. What does this indicate? It indicates that there is no Government, which is the point that we made last time also. How can such a thing happen ? I do not believe that the brave Sikhs, who constitute the Akali's would be doing this. These are anti-social elements, and the anti-social elements must be feeling that they can do this sort of thing and that the Government is incompetent and would not be in a position to stop it. Therefore, here is one indication of further break-down of the Government in Punjab.

Then, reports have come in *The Economic Times* that there is a flight of capital taking place now from Punjab, from Ludhiana and other places.

People are stopping investments in Punjab and are moving out the investments to other cities. This also is a very serious report, which again shows lack of confidence in the Government that is there.

I find from the offlcial media that there is a systematic vilification of the Akalis in this matter. I was critical of the Akalis last time because, I said they did not come out very clearly on the question of Khalistan. Now I am happy to say that their leader, Shri Longowal has given a long interview, which is published in a southern newspaper, called *The Deccan Herald*, and I would like to quote from it According to this report, the Khalistan demand and the extremism is being provoked by the Central Government, this is what he says, and the Government has to respond to this. Here is the question asked of Shri Harchand Singh Longowal, published in *The Deccan Herald* of Bangalore on Sunday, April 17, this year The question is :

> "The Akali agitation has come to be linked with a separatist movement like, for instance, Khalistan."

Shri Longowal replies :

> "First of all, let me ask you when and where did the Akali Party demand Khalistan. This demand has been raised by the Dal Khalsa (now banned), which is a creation of the Congress (I)."

This is what he says; you may not agree with it, but this is what he says Then he says :

> "I do not remember the exact date but it (Dal Khalsa) was created in the Congress Bhawan of Chandigarh sometime in 1977."

Here is the statement of Shri Longowal, which completely disowns it, Dal Khalsa, he says, in fact created it. Then he goes on to describe how this is all done, how the Dal Khalsa, with the help of the Congress (I), tried to contest the Shiromani Gurudwara Prabandhak Committee elections in March 1979.

Therefore, one is becoming suspicious of Government's inaction. It looks to be premeditated and there seems to be some vested interest for the Central Government in this kind of extremism continuing, in this kind of lawlessness continuing. Otherwise, I do not see why this Government should be in this paralysed state.

The Akalis have a very long record. They were partners with us in the Government in 1977. I know that during the days of the Emergency, while many people collapsed, the Akalis used to continue the satyagraha every day and they used to go to jail. They have a very distinguished record of fighting for the civil liberties and they are men of integrity. There was some doubt whether they were surrendering to the extremism or not, but now this interview of Shri Longowal should in fact set at rest any doubts on this score.

But I am not sure about what is the Government doing in regard to Khalistan. That is why I ask this question of the Government, because I have very grave doubts whether the Government are really taking any concrete steps.

A mention was made about Shri Jagjit Singh Chauhan, who was in the United States.

He is being given a visa. The Government has made a formal protest. Now, the Government has not made serious efforts to get him extradited; in fact, they have not made even serious efforts to get his visa cancelled. They can get his visa cancelled. I know the method. I can suggest to the Government if they do not know. Mr. Chauhan was once upon a time a member of the Communist Party. So, under the U.S. laws anybody who is.....

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): Who said ? No, he is not a member of the Communist Party.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : He was a member. This is there in their files. You do not know. You look at your own files.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : I have been in the CPI since long.

(*Interruptions*)

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : He does not know. I have said it last time.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : It is all right. It is for the Government to reply.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Why should he reply on behalf of the Government. And he is replying on behalf of the Moscow Government, not even the Indian Parliament.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Are you speaking in the Parliament of Moscow ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is all right, Mr. Shastri, the Government will reply. He is not asking you.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : No, I should be given the opportunity to refute it.

(*Interruptions*)

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : I have already quoted last time the Rajendra Sarin's Report presented to the Punjab Government which has documented that the first pamphlet on Khalistan was put out under the title of the Communist Party. It is the Communist Party of India which brought out that pamphlet in 1946.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : On what ?

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : On Khalistan. (*Interruptions*). I have already said this in the House last time, there has been no contradiction, I am saying it again, and if you want the source, as I say, it is the Rajendra Sarin Committee Report which was submitted to the Punjab Government contains the facts.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE JADAVPUR : It is his favourite topic.

(*Interruptions*)

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Well, I have to warn the nation about the sinister activities of Communists.

(*Interrnptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : ... They are the saviours of the nation.

(*Interruptions*)

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Sir, what is the matter ? I am taking the Government to task and they are getting excited. Now, they will say that they also supported the Quit India Movement. They will say that I am wrong in saying that they did not support the Quit India Movement. We know what their history is.

MR. DEPUTY SPEAKER : We are not discussing that now.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Exactly, Sir. They are dragging me into discussing it.

Mr. Chauhan was a member of the Communist Party. I say this because recently the wife of Mr. Allende, the deposed Chilean President, wanted to enter the United States, and the United States declined visa to her and the question was asked : Why ? On what grounds ? So, the argument given was that she was at one stage a member of the Communist Party. So, the same way Mr. Chauhan was also at one stage a member of the Communist Party. The Government should move the United States Government and say that 'you can't give to him. This is the argument.' Why don't you use this argument here ? But they are not making efforts. In fact it seems to me that they enjoy all that is happening because they are doing propaganda around the country that the nation is in danger and only the Congress can save it. We know how the Congress has been saving for the last three years. So, they still continue to say that the nation is in danger and people like Jagjit Singh Chauhan are actually playing their game, I would say. I won't be surprised if this man, Sandhu, who is there as Secretary General of the so-called Khalistan, is also one of their people. May be he is an employee of the RAW, I do not know. This is something which only the Government can tell me. But the impression in Punjab is that the trouble-makers in Punjab are all in their pay, are all working at their behest. Otherwise if the Government is serious, they could do something about it.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH) : How wild his imagination can go ?

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Well, Sir, I will tell you about imagination. Recently I have got a call from a magazine called *The Week* published by *Malayalam Manorama* people. You must know that. They said, they wanted to verify a story. I asked, 'What is the story ?' They said, "We are bringing out a front page story of Khalistan." I said, "Wonderful. But what do you want to verify ?" They said, "We are publishing a news item to say that Kushwant Singh, Kuldip Nayyar and yourself had dinner with Zia-Ul-Haq on the 9th of March this year when he was here for the Non-Aligned Conference along with Khalistan extremists, in order to work out a plan for further trouble in Punjab." So, I said, "Well, to me the only problem is that on 9th March this year I was not in the country. But if you want, you can publish the story." Now, it turns out that when I asked the reporter where he got the story from, he said that he got it from somebody who claims to be close to the Government. Now, this kind of disinformation is going on. The same thing is about Akalis. Their name is being connected with Khalistan. Why is it so when they have denied that they have nothing to do with Khalistan ? Why is this systematic attempt being made to vilify the Akalis ? This is the question which I want to ask. The issue has arisen because of what the Secretary-General of the so-called Khalistan has said. What does the Government say ? That five cases are pending against Shri Balbir Singh Sandhu, he is wanted in five cases and he has been proclaimed offender. Now he is inside the temple. What does Shri Longowal say about this ?

> "Q. You have been accused of shielding criminals in Gurdwaras. Will you throw them out or allow the police to arrest them ?
>
> A. Please understand one thing clearly. Gurudwaras are open to every one at every time. If Mr. Darbara Singh feels that Gurudwaras are shielding criminals then he is free to investigate. A few months ago I asked Mr. Darbara Singh to give me a list of those criminals who according to the Government were hiding in the Golden Temple. He gave me six names. Three of them were of the hijackers who are in Pakistani jails."

This is Shri Darbara Singh's competence.

> "Another two were in jails elsewhere in Punjab and the sixth also not in the Golden Temple."

Now, here is the test for the Government. The Report has appeared. The

newspaper man says that he went there inside. He introduced himself. All this has been established inside. The Government says that the case is pending against him. I would like the Government first of all to ask Longowal to assist in arresting him. This is straight. I would like the Government to answer this question straight. I do not think that religious places are such that armed criminals can enter. Government says here that the entry of police in places of worship is not prohibited by law but in deference to religious sentiments, etc. etc. is it in order to continue to play your political game ? Is it because of that or is it in deference to religious sentiments ? I want to ask the Government that in the event that this gentleman who is wanted in so many cases, a proclaimed offender, if not handed over will you enter and bring him out ? Will you show that as a Government ? And here Shri Longowal will assist you. This is clear from what he has said here. Here is the time to put Akali on test, and Government itself to prove its bonafides. I suspect the Government's *bonafides*... I think there is incompetent Government in Punjab. This Government should be dismissed. There should be President's rule till normalcy is restored. Government should come honestly and present facts to the House and not try to seek political advantage out of it.

SHRI P.C. SETHI : I congratulate Shri Subramaniam Swamy on the flight of imagination to which he can go. To say that Shri Balbir Singh Sandhu is on the pay roll of the Government is the limit of the flight of imagination.

MR. DEPUTY SPEAKER : He flies very often. At least once a month he goes abroad.

SHRI P.C. SETHI : He flies very often to other countries but he should not fly to this extent.

Then he also says that in the case of Shri Chauhan also we are not very sure and we have not taken any action.

He has said about his being a Member of the Communist Party and the Government of India taking up this question with the American Government—with regard to this, this fact will have to be ascertained before the External Affairs Ministry takes any action. In this connection I would like to very clearly say that we have never said that S.G.P.C. or the Akali Dal people are behind the separatists tendency. We have been only saying that there are some people who are taking shelter in Nanak Niwas and certainly Nanak Niwas is also in the premises of the Golden Temple. It is not part of the temple itself.

As far as the names which have been supplied by the Punjab Chief Minister are concerned I would like to clarify that Shri Darbara Singh had written to Shri Tohra that Shri Balbir Singh is there. Naturally his name was there. Then Khalistan extremists Shri Ujjagar Singh Randhwa, Master Hazara Singh and Shri Satnam Singh, none of them was in Pakistan prison. These three names had come. Then he has given the name of Shri Mohinder Singh and Shri Manmohan Singh.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : When was this letter written ?

SHRI P.C. SETHI : This was written by the Chief Minister of Punjab & was dated 30-9-1981. Therefore, the information of the Hon. Member he has got with regard to the names supplied by the Punjab Chief Minister is not correct.

We are very anxious to settle the issue. It is wrong to say and accuse the Government that we want to carry on the agitation only to propagate that we alone can save the country in the present situation. This is again absolutely wrong. You can see the sort of imagination on the part of the Hon. Member.

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : उपाध्यक्ष महोदय, कालिंग अटेंशन के माध्यम से जिस विषय पर चर्चा हो रही है वह एक ऐसा प्रश्न

है जो देश की एकता से जुड़ा हुआ है। इसमें कोई दो रायें नहीं हैं कि सिख बंधुओं का, सिख समाज का इस देश के निर्माण में, इस देश की रक्षा में बहुत बड़ा योगदान रहा है। कृषि का मामला हो, चाहे उद्योग का मामला हो, हिन्दुस्तान के कौने-कौने में सिख भाइयों ने देश की प्रगति में जो भी योगदान दिया है वह प्रशंसनीय है। उस योगदान को हम भुला नहीं सकते। सिख इस देश के एक भाग हैं। यदि कुछ लोग आज खालिस्तान आन्दोलन की बात करें या देश के विरोध की बात करें या अराजकता की बात करें या हिंसा की बात करें तो वह कुछ बहके हुए लोगों की ही बात होगी। सिख धर्म की यह विशेषता है कि सिख भारतीय कल्चर के, हिन्दुस्तान की तहज़ीब और संस्कृति के पुजारी हैं। हम यदि विदेश जाते हैं तो अपनी तहज़ीब भूल जाते हैं, अपना पहनावा भूल जाते हैं लेकिन सिख दुनिया के हर कौने में पाए जाते है और उनके बारे में गाव-गांव में एक कहावत बन गई है कि आलू, हरिजन और सिख दुनिया के हर कौने में पाए जाते है लेकिन सिख कहीं भी जाते हैं, अगर बर्मा में जाए तो अपने कपड़े बदल देगा, जापान में जाए तो दूसरे ढंग की लुंगी पहन लेगा लेकिन ऊपर की पगड़ी, केश, कड़ा और कृपाण और गुरू महाराज ने जो उपदेश दिए थे, उनको कहीं पर भी बदल नहीं सकता है। वह भारतीय संस्कृति के एक बहुत बड़े प्रतीक बन गए हैं जिसको कभी भूल नहीं सकते हैं।

मेरा भी सिख धर्म से बहुत बड़ा रिश्ता है। बाबा हिम्मत सिंह पंच प्यारे—जगन्नाथपुरी से आकर गुरु महाराज को जब पंच प्यारों ने अपनी कुर्बानी दी थी, तो उन्होंने भी अमृतपान किया था भाई कन्हैया जी, जिनके लिए गुरू गोविन्द सिंह जी, दसवें गुरू ने भाई का खिताब दिया था। बाबा मोतीराम बहरा, फतहगढ़ साहब में जहाँ पर गुरू महाराज के बच्चे दीवार में चुनवाए गए थे और माता गूजरी के लिए और गुरू महाराज के दोनों बच्चों को किस तरह से छिपकर दूध पिलाने जाते थे और जब वे पकड़े गए तो नवाब ने कोल्हू में पेरवा दिया था। यह जिस तरह से हमारा रिश्ता जुड़ा हुआ है, मैं तो सोच ही नही पाता कि कुछ लोग ऐसे भी हो सकते हैं जो हमारे टुकड़े करने की बात सोचे। अगर कुछ ऐसे बहके हुए लोग हैं तो उनको साथ लाना होगा और उनके दिमागों को बदलना होगा। आज अगर कोई ऐसी बात कहे कि खालिस्तान की बात करने वाले या देश में विघटनकारी बात करने वाले बहुत बड़ी संख्या में हैं तो उसको हम मानने के लिए तैयार नहीं हैं। पंजाब के लोगों से हमारी बातचीत होती है, हम वहां पर जाते हैं और जहां तक मैं समझता हूं यहां पर 50 या 48 फीसदी लोग गैर सिख हैं। 52 फीसदी सिख रह जाते हैं। उसमें 10 फीसदी रामगढ़िया हैं, मजहबी सिख हैं या राय सिख हैं। वे कहते हैं कि इस खालिस्तान या विघटनकारी आन्दोलन से हमारा कोई रिश्ता नहीं है। वहां पर जो पिछड़े हुए हिम्मतगढ़ी सिख हैं वे भी कहते हैं कि इस आन्दोलन से हमारा कोई रिश्ता नहीं है। बाकी दस फीसदी ऐसे सिख रह जाते हैं जिनमें 5 फीसदी ऐसे हो सकते हैं जो बहके हों और 5 फीसदी लटके हों। फिर एक या दो फीसदी ही ऐसे लोग होंगे जो विघटनकारी और खालिस्तान की बात करते हों।

सिख जाति के पंजाब और देश के लोग इस आन्दोलन के साथ नहीं हैं जब ऐसी परिस्थितियाँ हैं, तो इसके लिए जिम्मेदार हम रहे हैं। हो सकता है कि हम कभी डरे हों। अगर दिल्ली तक अवैध हथियारों के साथ कोई उनका आतंकवादी नेता आया है, तो हमने उसका स्वागत होने दिया है। वह बम्बई तक गया है।

हमने मजाक किया है, कभी उसको कत्ल में पकड़ा है, कभी वारन्ट काटा है, पुलिस पीछे गई है, प्रेस कान्फ्रेंस हुई है और उसको छोड़ दिया है। पकड़ा क्यों ? कत्ल किया, छोड़ क्यों दिया ? यह क्यों हुआ ? सरकार की झुलमुल नीति है। इस कमजोर नीति का ही यह नतीजा रहा है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या गुरू महाराज ने कभी कल्पना की थी। सिखों के गुरु गुरुनानक देव हज करने के लिए जाते हैं। गुरु महाराज हरमिन्दर साहिब की बुनियाद एक सूफी सन्त न रखी थी। जिसको गुरु महाराज ढूंढकर लेकर आए हरमिन्दर साहिब की बुनियाद रखवाई थी। हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक इससे बड़ा और क्या हो सकता है। हज के कपड़े पहन कर गुरू महाराज हज करने के लिए जायें, इससे बड़ा हिन्दू-मुस्लिम की एकता का प्रतीक और क्या हो सकता है। राष्ट्र की धरोहर हैं और राष्ट्र के इतिहास के पन्ने हैं, लेकिन हमने दुर्भाग्य से सिखों की जो समस्यायें हैं, उन पर गम्भीरता से विचार नहीं किया। उनकी जो धार्मिक समस्यायें हैं, जिनका राष्ट्र की एकता पर प्रभाव नहीं पड़ता है, उनकी जो आर्थिक समस्यायें हैं, उन पर हमें ध्यान देना चाहिए। उनमें अलगाव की धारणा क्यों पैदा हुई, कैसे उनके दिमाग में प्रवेश हुआ इसमें कहीं न कहीं हमारी कमज़ोरी भी हो सकती है। इन सारी चीज़ों को हमें मिटाना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास करना चाहिए हमें ऐसे राष्ट्रीय सम्मेलन करने चाहिए, चाहे पंजाब हो, चाहे बंगाल हो, चाहे असम हो और चाहे तमिलनाडु हो जिससे सारे प्रदेशों में राष्ट्रीय भावना बहे। राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत रहें, ऐसी भावनाओं की प्रचार करने का हमें प्रयास करना चाहिए। किसी को भी ऐसे अवसर न दें, जिससे कि मन में संशय पैदा हो। राष्ट्र की एकता सर्वोपरि है। उस राष्ट्र की एकता के लिए गुरु महाराज गुरुगोबिन्द सिंह जी ने अपने दोनों बच्चों को मैदान में शहीद किया था। चमकौर साहब की लड़ाई का वह मैदान याद आता है, जहां उनके बच्चे लड़ते-लड़ते शहीद हुए। फतेहगढ़ में बच्चे धर्म के लिए, रक्षा के लिए और देश की इज्जत के लिए दीवार में चुनवा दिए गए थे लेकिन उन्होंने उफ तक नहीं की थी। यह सब हमें याद आता है। बंदा बैरागी की याद आती है, जिसने गुरु महाराज के बच्चों का बदला लेने के लिए वहां ताण्डव नृत्य किया था। वे इतिहास के गौरव के पन्ने हैं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आज वहां यह स्थिति क्यों है ? इस पर हमें गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा।

इस संदर्भ में कहीं ऐसा न हो कि स्थिति बिगड़ जाए। कोई बात बिगड़ी नहीं है। केवल थोड़े प्रचार के माध्यम बढ़े हैं। विदेशी तत्व भी इसमें सक्रिय जिससे देश की एकता विघटित हो सकती। मैं एक चीज माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप बात करिए। उच्च स्तरीय बात होनी चाहिए। प्रथम श्रेणी की बात होनी चाहिए। लोंगोंवाल साहब को मैं जानता हूं, वे इतने अच्छे लोगों में से हैं। अगर उनसे कायदे में चर्चा की जाए, बात की जाए तो किसी तरह की ऐसी कोई बात नहीं है, जो गड़बड़ हो सकें। उनको भी वही स्तर मिलना चाहिए। आप पहले स्तर की वार्ता करें। प्रधान मंत्री और लोगोंवाल साहब दोनों प्रथम श्रेणी के लोग वार्ता करें तब जाकर कुछ निर्णय निकल पाएगा। मेरा निवेदन है कि इस वार्ता को द्वितीय श्रेणी की वार्ता नहीं बनाइए प्रथम श्रेणी की वार्ता होनी चाहिए। यह दुर्भाग्य है कि इस देश में सिखों की भी विभिन्न जातियां हैं। फतेहगढ़ साहब, जहां पर कि गुरू महाराज के बच्चे शहीद हुए, हमको शिरोमणि प्रबन्धक कमेटी ने एक हजार मीटर जगह दी है, जहां

हम 40 कमरे बनाने जा रहे थे और बहुत से कमरे हमने बना लिए हैं। हर साल दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में जब मेला लगता है, हम लोग वहां जाते थे और हमारे लोगों ने लाखों रुपया इकट्ठा करके वहां पर बिल्डिंग बनानी शुरू की। लेकिन वहां भी हम जातिवाद का शिकार हुए। हमको कहा गया कि हम पंच प्यारे बाबा हिम्मत सिंह जी के साथ के हैं, पिछड़े समाज के लोग हैं। उनके एक बहुत बड़े नेता ने जो उनके अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने हमारे उस भवन को गिरवा दिया···

श्री मनीराम बागड़ी : कौन है ?

श्री जयपाल सिंह कश्यप : तोहरा साहब। हमने पार्लियामेन्ट में भी इस मामले को उठाया, लेकिन यह कह कर कि यह राज्य का मामला है टाल दिया गया। वहां के पिछड़े वर्ग के लोग, कश्यप समाज, केवट, धीवर, मल्लाह, निषाद, चीवर समाज के लोग बहुत असन्तुष्ट हैं। उन्होंने प्रदर्शन किया, सरकार से मांग की लेकिन सरकार ने सहयोग नहीं दिया। उसके बाद हमने उनके नेता को मजबूर किया, तब पिछले साल एक हजार मीटर जगह जो जगह बाबा मोतीराम मेहरा की याद से जुड़ी हुई है उस जगह स्थान न देकर, उससे दूर दी गई। लाखों रुपया हमारा उस भवन में लगा था, लेकिन दस हजार रुपया दिया गया। अब हम दोबारा उस भवन का निर्माण कर रहे हैं, क्योंकि हम तो गुरु गोविन्द सिंह जी के उस रास्ते से जुड़े हुए हैं, और उसके लिये हमें चाहे जितना भी सताया जाय हम जुड़े रहेंगे।

अन्तिम बात मैं यह पूछना चाहता हूं—ये भगवान के इरादे, मन्दिर और मस्जिद, क्या राष्ट्र विरोधी विघटनकारी तत्वों को अपने दफ्तर चलाने के अवसर देते रहेंगे ? क्या वे वहां पर बैठकर इस तरह से काम करते रहेंगे ? इनको रोकने के लिये सरकार क्या प्रयास कर रही है ? इन पर सख्ती से प्रयास करने में सरकार क्यों कतरा रही है ? सरकार इनके खिलाफ कब से सख्त कार्यवाही प्रारम्भ करेगी ?

जहां तक सिख नेताओं से समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय सन्दर्भ में बातचीत करने की बात है कि उच्च वार्ता आपकी सरकार किस तारीख से प्रारम्भ करेगी और कब तक लोंगोवाल साहब और अन्य नेताओं के लिये निमन्त्रण भेजे जायेंगे तथा कब तक वह बात की तारीख तय करके उस बात को चलायेगी ? क्या वह बातचीत प्रधान मंत्री के स्तर पर होगी या उनसे निचले स्तर के नेताओं के साथ होगी ?

जो लोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियां कर रहे हैं, उनके विरुद्ध वारंट भी कटे हुए हैं, उनके खिलाफ आप क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं ? कितनी जल्दी उन सारे अपराधियों के विरुद्ध कानून कार्यवाही प्रारम्भ करके उनको दण्डित करने का प्रयास करेंगे और उनको राष्ट्र के सामने पेश कर देंगे कि इनके ये कारनामें हैं, जो गलत हैं ?

जो विदेशी तत्व इस आन्दोलन में आग डालने की कोशिश कर रहे हैं और गलत प्रचार करने का काम कर रहे हैं, हो सकता है वे फाइनेन्स भी करते हों, क्या उन विदेशी शक्तियों, उन देशों को भी इस बात से अवगत करायेंगे कि आप अपने इन कामों को रोक दीजिये — इसके लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है या कब तक कार्यवाही को करेगी ?

क्या सरकार कोई ऐसा कानून बनाने जा रही है जिससे देश के विरुद्ध कोई ऐसे विघटनकारी तत्व किसी भी पवित्र स्थान का प्रयोग न

कर सकें जिससे देश की एकता और ला-एण्ड-आर्डर की स्थिति बिगड़े ?

अन्त में मैं मंत्री जी से एक बात कहना चाहता हूं— हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह जी को तार और धमकी भरे पत्र आये हैं। चौधरी साहब ने कहा है कि मेरा जीवन इस राष्ट्र के लिये है। मैं तो वही कहूंगा जो मेरी आत्मा कहती है। मैं राष्ट्र के हित में अपने प्राणों को दे सकता हूं, लेकिन झुकने को तैयार नहीं हूं। मैं टूट सकता हूं, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी का अभारी हूं हम कुछ दिन पहले माननीय मंत्री जी से मिले थे और उनसे चौधरी साहब की सुरक्षा के लिये बात की थी। आपने हमारी सारी बातों को उन्हीं शब्दों में स्वीकार कर लिया, जिन शब्दों में हमने आपके सामने पेश किया था। चौधरी साहब की सुरक्षा के लिये आपने जो बन्दोबस्त किया है उसके लिये हम आपके अभारी हैं, लेकिन यहां पर बन्दोबस्त का प्रश्न नहीं है। चौधरी साहब राष्ट्र की वह सम्पत्ति हैं कि अगर उनको जाने या अनजाने में कोई भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा तो देश के करोड़ों लोगों का मन उनके लिये बगावत करेगा।

मैं समझता हूं कि चाहे कोई सिख हो।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : दुखी होगा, यह कहिये।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : इसमें दुखी का प्रश्न नहीं है।

(व्यवधान)

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी : यह क्या बात है, वे आपके ही नेता नहीं हैं, सबके नेता हैं।

श्री जयपाल सिंह कश्यप : मैं यह कह रहा था कि ऐसी बात नहीं होनी चाहिए। सिख नेताओं के साथ बैठकर बात करनी चाहिए। जिन लोगों ने इस तरह के पत्र लिखे हैं, हो सकता है कि इसकी आड़ में कुछ दूसरे ही लोगों ने इन पत्रों को लिखा हो। इसलिए बड़े नेताओं के साथ बैठकर बात करनी चाहिए कि इस तरह से देश के वातावरण को बिगाड़ने की कोशिश न की जाए। इतना कहते हुए मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे समय दिया।

श्री प्रकाश चन्द्र सेठी : माननीय सदस्य ने जो सिख धर्म के बारे में और सिख गुरुओं के इतिहास और देश भक्ति तथा त्याग के बारे में बात कही है, मैंने पहले भी श्री बागड़ी ने जो बयान दिया था, उस समय इस बारे में अपनी पूरी सहमति प्रकट की थी और हम सब इस बात से सहमत हैं लेकिन मैं इस बात से सहमत नहीं हूं और इसका खण्डन करना चाहता हूं कि देश में सिखों के साथ कोई घटिया किस्म का व्यवहार हो रहा है। देश में आज सिखों की कौम अच्छी तरह से है और चाहे वह उद्योग में हों, चाहे खेती में हों, चाहे ट्रांसपोर्ट में हों और चाहे इंडस्ट्री में हों, हर जगह उनका बहुत अच्छा स्थान है और न केवल पंजाब में ही बल्कि पंजाब के बाहर, जहां भी सिख कौम बसी है, मैंने उनमें से किसी को भी किसी प्रकार से भिक्षावृत्ति करते हुए नहीं देखा है। वे अच्छे स्थानों पर रहते हैं और राष्ट्र ने हमेशा उनकी बहादुरी की कद्र की है।

जहां तक गुरुद्वारे में प्रवेश का प्रश्न है, मैंने शुरु में ही कहा है कि इसके लिए कोई अलग से कानून बनाने का प्रश्न नहीं है। कानूनन प्रवेश करने में कोई रोक नहीं है लेकिन हम उनके धार्मिक विचारों को मान्य करते हुए उसमें प्रवेश नहीं कर रहे हैं और प्रवेश न करते हुए हमने

उससे मांग की है— मैं समझता हूं कि आज जो सदन में बहस हुई है और सदन में जो माननीय सदस्यों ने कहा है, उसको मद्देनजर रखते हुए स्वयं लोंगोवाल साहब और वहां पर अकाल तख्त के नेता इस बात का प्रयत्न करेंगे कि इस प्रकार के जो अवांछनीय तत्व हैं, जिनको सरकार ने प्रोवलेम्ड आफेंडर डेक्लेयर किया है या जिनके केस रजिस्टर किये हैं, उनको वे हमें दे दें और हमें उसी की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

जहां तक बातचीत का सवाल है, मैंने पहले भी कहा है कि यह प्रश्न विचाराधीन है। माननीय प्रधान मंत्री जी से अगर वे बातचीत करना चाहते हैं, उनके स्तर पर बातचीत करना चाहते हैं, तो कभी कोई आपत्ति नहीं रही है। पहले भी बातचीत की है और आयन्दा भी जरूरत पड़ेगी, तो बातचीत करने को तैयार हैं। यह कोई बहुत बड़ा प्रश्न नहीं है और हमारी तरफ से किसी प्रकार की प्रतिष्ठा का यह प्रश्न नहीं है।

13.38 hrs.

Statement Correcting reply to a Supplementary SQ No. 45 dt. 23.2.1983 regarding Communal Riots.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI NIHAR RANJAN LASKAR): While relying to a supplementary question raised by Shri A.K. Roy desiring to know whether any special court or tribunal has been set up and whether Government is going to set up a tribunal to try offenders who indulged in communal orgy in Assam and whether any offender has been punished so far, I had inadvertently mentioned that "So far as setting up of the tribunal is concerned, in Bihar, we have appointed a tribunal to go into this," However, the correct position is that the Patna High Court, on the request of the Government of Bihar, has ear-marked three Judicial courts to try offences connected with communal incidents. Accordingly, the reply given may be corrected to read as follows :— "So far as setting up of special courts are concerned, in Bihar, the Patna High Court, on the request of the State Government, has ear-marked three Judicial courts for expeditious hearings of cases in connection with communal riots"

13.39 hrs.

Statement re : Setting up of a National Committee on the Celebration of Birth Centenary of Shri Nand Lal Bose.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRI P.K. THUNGON) :

The Birth Centenary of Shri Nand Lal Bose, a prominent Indian Artist, painter falls on 3rd December 1983. In order to celebrate the great occasion in a befitting manner, a National Committee has been constituted under the Chairmanship of Hon'ble Prime Minister Smt. Indira Gandhi. The composition of the National Committee is as under :—

1.	Smt. Indira Gandhi Prime Minister of India.	Chairman
2.	Smt. Sheila Kaul, Minister of State in the Ministry of Education & Culture.	Member

3	Shri R.N. Mirdha Minister, for Irrigation, New Delhi.	Member
4.	Dr. Amlan Datta, Vice-Chancellor, Visva Bharati, Shantiniketan, West Bengal.	,,
5.	Shri Krishna Kripalani, Chairman, National Book Trust, A-5, Green Park, New Delhi-16.	,,
6.	Shri K.K. Hebber, Chairman Lalit Kala Akademi, New Delhi.	,,
7.	Dr. L.P. Sihare, Director, National Gallery of Modern Art, Jaipur House, New Delhi-3.	,,
8.	Shri Biswaroop Bose, Kala Bhawan, Visva Bharati, Shantiniketan, West Bengal.	,,
9.	Shri Satyajit Ray, 1/1, Bishop Lefroy Road, Calcutta-20.	,,
10.	Smt. Jaya Appaswamy, H-38, Kailash Colony, New Delhi-48.	,,
11.	Prof. K.G. Subramanyam, Prof. of Arts, Kala Bhawan, Visva Bharati, Shantiniketan, West Bengal.	,,
12.	Prof. Sankho Chaudhuri, D-2/6, Subramania Bharati Road, Bharati Nagar, New Delhi-3.	,,
13.	Shri Pulin Behari Sen, Purba Palli, Shantiniketan, West Bengal.	,,

13.41 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

(i) Need for Engineering-cum-Traffic Survey proposed metre gauge track between Chitradurga and Rayadurga.

*SHRI NARSING SURYAWANSHI (Bidar) : In Karnataka State, Chitradurga and Rayadurga are chronically drought afflicted and backward areas. Realising the need to lay a new railway line which alone will open this area for industrial development the Central Government rightly decided to conduct Engineering-cum-Traffic survey for a new metre gauge railway line between these two historical places. The people of Chitradurga and Bellary districts in particular living on the border area of Andhra

*The original Speech was delivered in Kannada.

Pradesh would get the opportunity of their life time to live like human beings. Presently their living conditions are worse than animals.

The budget estimates for this survey for the year 1981-82 was Rs. 2.96 lakhs against the anticipated cost of Rs. 3.97 lakhs. For the year 1983-84 a sum of Rs 50,000/- only has been provided for the survey.

I suggest about this survey mainly because I want these two towns and intervening area not to become monuments of the twentieth century. Therefore, I would like to request the Hon. Railway Minister to allot more funds in the revised Budget estimate for this year and to speed up the work of the abovesaid Engineering-cum-Traffic survey of the proposed metre gauge track, which will bring back to life the two slumbering giants of yester years.

(ii) Supply of adequate quota of Paper at concessional rate to Orissa for Exercise Books.

*SHRI HARIHAR SOREN (Keonjhar) :

The allotment of paper at concessional rates by the Government of India for conversion into exercise-note books has been discontinued from the quarter ending September 1982 Orissa for all purposes can be treated as a tribal State. Nearly 80% of students in the school in the Government of Orissa belong to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other backward sections of society. The cheap exercise book is an incentive for them to continue their studies. But with the discontinuance of paper at concessional rate to Orissa, exercise note book has become costly.

Unless immediate measures are taken to supply adequate quantity of paper at concessional rates to Orissa the poor students will have to discontinue their studies. Therefore, I demand that the Government of India should supply paper to the State of Orissa at concessional rate for conversion into exercise note books.

(iii) Setting up of a China-clay based Industrial Complex in Mayurbhanj district of Orissa.

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK (Cuttack) : The China clay mines in Mayurbhanj district have not been able to make much headway due to the lack of efforts made by the Centre for the proper exploitation of those mines. Mayurbhanj district is endowed with the richest china clay deposits and provide immense possibilities of a network of mineral based industries. The mines are mainly located around Karanjia and Jashipur in Panchipir subdivision of the districts. The Chinaclay mined from these deposits are both plastic and non-plastic in character and are available for use in textile, paper, rubber and pottery industries.

Basing on the abundant availability of Chinaclay and sillica and IPICOL has been making efforts to set up a modern Chinaclay washery at Jashipur. The proposed project envisaged application of sophisticated technology to wash, beneficate and process the crude clay produced by Mayurbhanj mines. The washed and processed clay can find both the domestic and foreign market. But it is not enough in exploiting the China clay available in the region.

If a good number of China clay based industries are set in that district, they can generate employment opportunity to thousands of local people.

In view of this, I would suggest the Government to set up a comprehensive China clay based industrial complex in Mayurbhanj district. The establishment of such a complex will help the country in earning valuable foreign exchange as the washed and processed clay has great demand in international market. Therefore, an industrial complex should be systematically planned and established in that district without further loss of time.

*The original Speech was delivered in Oriya.

(iv) Need for more financial assistance to Orissa for boosting tourism.

SHRI NITYANANDA MISRA (Bolangir) : Orissa is described as a State of immense tourist attractions. Numerous old places and buildings ancient caves and temples with their unique architecture and fine sculpture, picturesque sea beach and fascinating lakes, famous cultural and religious events and festivals, are Orissa's tourist assets. Though Konark, temple of Lord Jagannath and atha Jatra of Puri have abiding interest, Harishankar and Ranipur Jhariel of Bolangir District which have great potential as places of tourist attraction have not yet received the attention they richly deserve, Ranipur Jhariel with the beautiful sculpture of the statutes of the ancient temple and the new excavations and findings about Jogini's which have great historical and archeological importance is a rare ancient monument which deserves to be projected to limelight. Harishankar temple situated at the fact of the majestic Gandamarda mountains by the side of a waterfall whose water is considered hold by thousands of pilgrims who rush to have a darshan of Lord Harihara after a holy bath in the waterfall is a place of pilgrimage. The captivating scenic beauty of these two places coupled with historical and archeological significance can develop into tourist centres of great importance. The promotion of tourism can substantially contribute to the economic prosperity of the State. There is vast scope and potential for rapid expansion of tourism in Orissa and Centre should provide more funds to the State Government for opening recreation centres and tourist facilities.

(v) Demand for making 'Bhabhad' grass available at reasonable rate to 'Bann' labourers in Dhar areas of U.P.

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : उत्तरप्रदेश के जिला सहारनपुर का उत्तरी भाग शिवालिक पर्वत की तलहटी में बसा हुआ है। करीब 45 किलोमीटर लम्बा और 8 किलोमीटर चौड़ा रेतीला, पथरीला व असिंचित यह क्षेत्र घाड़ के नाम से जाना जाता है। पहाड़ों में लकड़ी काटना, भाभड़ काटना, पत्थर ढोना व कभीकभी खेतिहर मजदूरी को छोड़कर यहां के निवासियों की मुख्य जीविका भाभड़ नाम की घास से बान बनाकर चलती है। एक मुद्दत से 40 हजार लोगों की जीविका इसी धंधे पर टिकी हुई है। इस वर्ष से पहले तक वन विभाग भाभड़ ठेकेदारों को नीलाम करता और ये ठेकेदार प्रत्येक गांव के व्यापारियों को थोक में भाभड़ बेचते और तब साधनहीन और आर्थिक रूप से बेहद पिछड़ा हुआ बान मजदूर इन व्यापारियों से उधार भाभड़ लेकर 100 से 125 रुपए माहवार पर अर्द्ध जीवित हालत में अपना व अपने परिवार का गुजर-बसर करता चला आ रहा है। यही इन मजदूरों की पारिवारिक मजदूरी थी।

इस वर्ष वन संपत्ति में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार ने एक उत्तरप्रदेश वन निगम की स्थापना की है, जिस का कार्य वन संपत्ति का अपने हाथों से फुटकर क्रेता को बेचना है। इसी व्यवस्था के अंतर्गत वन निगम खुद भाभड़ घास को भी नीलामी तौर पर बेच रहा है। किंतु अफसोस की बात है कि जनता का आशा के विपरीत वन निगम भाभड़ को पहले से डेढ़ गुना और इससे अधिक भाव पर बेच रहा है, जिससे बान मजदूर परिवार की तुच्छ मजदूरी 100-125 रुपए भी एकदम समाप्त हो गई है। वह भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। यदि भविष्य में भी यही स्थिति बनी रही तो इसमें जरा भी संदेह नहीं कि क्षेत्र के 40 हजार लोग बिलकुल तबाह हो जाएंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार पर होगी।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इस भयंकर समस्या को गौर करके अविलंब बान मजदूरों को उचित दर पर भाभड़ मुहैया कराने की व्यवस्था करें।

(vi) Financial assistance of Bihar for checking soil erosion in Samastipur.

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : समस्तीपुर जिले के दक्षिणी छोर पर स्थित पतसिया, सुल्तानपुर एवं चमथा पंचायात में पिछले 1980 से गंगा नदी का कटाव हो रहा है जिसके फलस्वरूप पिछले वर्ष तक पतसिया में 783, सुल्तानपुर में 2 (एवं चमथा में 295 परिवार विस्थापित हो चुके हैं। कटाव के परिणामस्वरूप अब तक दस हजार आबादी यत्र-तत्र रह रही है। तथा लगभग बीस हजार एकड़ उपजाऊ भूमि कट चुकी है। 1980-81 में बिहार राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा हेतु लगभग बारह लाख रूपये की योजना स्वीकृत की गई थी, परन्तु इसमें कुछ विशेष सफलता नहीं मिली।

1981 दिसम्बर में उच्चस्तरीय तकनीकी समिति ने कटाव स्थल का दौरा कर पत्थर पाट कर इस कटाव से सुरक्षा का सुझाव दिया था। 1982 में राज्य सिंचाई तथा बीस सूत्री कार्यक्रम के मंत्रियों ने कटाव स्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया किन्तु अब तक कोई सुरक्षात्मक कार्रवाई न हो सकी है। राज्य सरकार इस मद में उपयुक्त धन के अभाव में अक्षम है।

अतः मैं केन्द्रीय सरकार से मांग करता हूं कि वह बिहार राज्य सरकार के साथ सहयोग कर हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि का कटाव रोकने का सफल उपाय करे तथा हजारों परिवार को विस्थापित होकर आजीविका के साधन से वंचित होने से बचायें।

(vii) Need for giving clearance to Neorakhola Project and sanctioning requisite fund for its completion.

SHRI ANANDA PATHAK (Darjeeling): Sir, Civilian as well as Defence population in and around Kalimpong Town in th district of Darjeeling are experiencing great hardship due to want of drinking water. There is the shortage of nearly four lakh gallons of water per day. To alleviate this hardship and augment the water supply from a perennial jhoro called Neora Khola, a project report was prepared and finalised in consultation with the local army engineers. The approximate cost of the project is Rs. 16 crores. It was suggested that the capital cost of the project would be shared between the West Bengal Government and Defence Ministry. The recurring cost of this project is negligible as it is a gravity scheme.

The Project was sent to the Defence Ministry for sanctioning its share of cost. But subsequently, it appeared that the Ministry of Environment raised some objections to the implemention of this project.

Sir, according to the Project Report itself, no large scale denudation of forest in the vicinity of Neora Khola Catchment area is necessary as no big dam is required, simply a small weir would do to hold the water for syphoning of the same through pipes to Kalimpong and neighbouring area by gravitational pull and laying of such pipes need not cutting of trees unnecessarily.

This point has been made abundantly clear to the Prime Minister as well as the Union Deputy Minister of Environment by the Chief Minister of West Bengal.

I, therefore, urge upon the Government to give immediate clearance to the project and sanction the fund and make a statement in the House.

(viii) Demonstration by National Coordinations Committee of Indian Teachers Organisation in support of their demands.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी आफ इंडियन टीचर्स आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में आज संपूर्ण

देश के कालेजों, विश्वविद्यालयों एवं स्कूलों के हजारों शिक्षक अपनी तेरह सूत्री मांगों को लेकर संसद के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांगों में अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं के नियंत्रण के लिए संसद में पेश कानून को वापस लेने, शिक्षकों को ट्रेड यूनियन अधिकार बहाल रखने, एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण करने, समान पाठ्यक्रम चलाने, शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय वेतन नीति निर्धारित करने, उनके वेतनमान में संशोधन करने, स्कूलों के शिक्षकों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरह कमीशन की नियुक्ति करने संबंधी प्रश्न शामिल हैं।

मेरा श्रम एवं शिक्षा मंत्री से अनुरोध होगा कि वे उनकी तेरह सूत्री मांगों को स्वीकार कर उनके असंतोष को दूर करें।

13.57 hrs.

Demands for Grants, 1983-84—*(Contd.)*

MINISTRY OF ACRICULTURE—*(Contd.)*

MR. DEPUTY SPEAKER : The House will now take up further discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Agriculture.

Every Hon. Member from the ruling party should not take more than ten minutes each. There is a list of 17 Members from the ruling party, and if anybody takes more time, then other Members will not get a chance. In that case, you should not blame me.

Shri Panika to continue his speech.

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कृषि मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं। यह बात सर्वविदित है कि कृषि मंत्रालय एक वृहत मंत्रालय है और इसके जिम्मे कृषि से संबंधित देश के सारे कार्यक्रमों को चलाने का काम सौंपा गया है। कृषि में उत्तरोत्तर विकास होता रहा है परिणामस्वरूप यदि आप देखें तो पायेंगे कि जब 1950-51 में प्लानिंग की प्रक्रिया शुरू हुई उस समय 508 मीट्रिक टन गल्ले का उत्पादन था लेकिन सरकार के प्रयासों के बाद 1981-82 में 1331 मीट्रिक टन उत्पादन हो गया जो सर्वोच्च स्तर पर है। इसलिए मैं मंत्री जी, मंत्रालय के सचिव, उनके अन्य सहयोगियों, कृषि वैज्ञानिकों को और देश के करोड़ों किसानों को बधाई देता हूं। जिनके प्रयास से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। यही नहीं बल्कि कृषि पर जो कठिनाइयां आती रही हैं बाढ़, ओला, सूखा आदि उनका सामना करने के लिये कृषि मंत्रालय ने बड़ी सूझबूझ से काम लिया और राज्यों को समय-समय पर सुझाव दिये। नतीजा यह हुआ कि संकट की घड़ी में भी पिछले दिनों और इस समय भी हम सफलतापूर्वक उन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

13.59 hrs

[SHRI SOMNATH CHATTERJEE *in the Chair*]

मान्यवर, यह बात सही है कि इस वर्ष 1982-83 में देश के काफी हिस्से में, 15 राज्यों और एक संघीय राज्य में सूखे का भीषण प्रकोप है और लगभग 482 करोड़ हैक्टर भूमि सूखे से प्रभावित है और 53 लाख हैक्टर भूमि बाढ़ से प्रभावित हुई है। और बहुत से तटीय राज्य जैसे आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक राज्यों के हिस्से तूफान से प्रभावित हुए हैं। इस प्रकार 3 करोड़ सूखे से और 5 करोड़ बाढ़ से किसान प्रभावित हुए हैं। मैं पुनः एक बार सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अधिकतम राहत के लिये 738 करोड़ रुपए दिये और यही नहीं बल्कि सहायता के अतिरिक्त और भी जो विभागों से सहायता देने की बात होती है वह भी अलग से दी। और प्रधान मंत्री

द्वारा सूखे से बचाने के लिये जो 12 सूत्री कार्यक्रम थे उनके क्रियान्वयन के लिये समय समय पर इन्होंने निर्देश दिये। लेकिन मैं मंत्री जी (श्री आरिफ) को, जो हमारे ही प्रदेश से संबंधित हैं, कहना चाहता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश के साथ न्याय नहीं किया गया। कारण जो भी हो, मैं उनमें नहीं जाना चाहता···

14.00 hrs

इतना बड़ा सूखे का प्रभाव हमारे देश में रहा है और सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में रहा है। उत्तर प्रदेश के 46 जिलों में 28 लाख 13 हजार हैक्टर भूमि सूखे से प्रभावित हुई। जिन क्षेत्रों में फसल बोई गई थी, वहां 42 हजार हैक्टर भूमि सूखे से प्रभावित हुई। इतना विशालतम सूखे का असर रहा है और साथ ही साथ मिर्जापुर जनपद में हमारे क्षेत्र राबर्ट्सगंज में देखें तो 1 लाख 19 हजार 616 हैक्टर भूमि में सूखे का असर रहा है और 1 लाख 25 हजार 144 हैक्टर में फसल बोई गई थी, उस पर सूखे का प्रभाव रहा।

मिर्जापुर एक ऐसा डिस्ट्रिक्ट है जिसे हमेशा दैवी आपादाओं का सामना करना पड़ता हैं। गत शताब्दी में 1868-69, 1873-74, 1877 78, 1896-97 में तथा वर्तमान शताब्दी में 1907-08, 1950-51, 1954-55, 1958-59 और 1971-72, 1979-80 में भयंकर सूखा पड़ा। अभी 1981-82 में जनपद के 1742 गांवों में खरीफ में सूखा पड़ गया और इसी वर्ष रबी की फसल में 3059 गांवों में ओले से भयंकर क्षति हुई। लगातार एक वर्ष के बाद उत्तरोत्तर अप्रत्याशित स्थिति रही है। यही नहीं इससे पूर्व बाढ़ का प्रकोप था।

सदर तहसील, चुनार इलाका, राबर्ट्सगंज और दूसरी तहसीलें ओलों से प्रभावित हुई।

जब सूखे की स्थिति की बात आई तो वहां की राज्य सरकार ने जुलाई में केन्द्रीय सरकार को मैमोरैंडम भेजा। मैं केन्द्रीय सरकार का आभारी हूं कि जैसे ही मैमोरैंडम यहां आया, यहां से केन्द्रीय दल वहां भेजा गया जिसने 20 से 24 सितम्बर तक वहां दौरा किया। लेकिन दौरे के बाद जब कमेटी वापिस आती है तो इसी बीच में अप्रत्याक्षित बाढ़ हमारे इलाके में आ गई। इससे मिर्जापुर के हमारे क्षेत्र बहुत प्रभावित हुए। चुनार, मझवार, सीखड़, सीठी, पहाड़ी आदि विकास खण्ड गंगा के किनारे किनारे के क्षेत्र बहुत प्रभावित हुए। वहां सरकार ने अपने सीमित साधनों से सहायता का काम किया। एक टीम यहां से गई थी, लेकिन जब वर्षा हुई तो केन्द्रीय सरकार ने उस टीम के बारे में सूखे की स्थिति पर विचार विमर्श किया। कृषि मंत्रालय में बैठक हुई। अभी कुछ दिन पूर्व 24 फरवरी को कृषि मंत्रालय ने टेलेक्स से सूचित किया कि आपको सहायता नहीं दी जा सकती है। इस तरह से हमारे प्रदेश के साथ लापरवाहा की गई है जहां सबसे ज्यादा सूखे से प्रभावित क्षेत्र है। भेदभाव पूर्ण कार्यवाही हुई।

प्रदेश सरकार ने पुनः 13-3-83 को अनुरोध किया कि इस पर फिर विचार किया जाये। हो सकता है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कहीं लापरवाही की हो लेकिन क्या उसके कारण उत्तर प्रदेश के उन करोड़ों लोगों को, जिनकी हालत आज खराब हो गई है, जिनके पास काम नहीं है, राशन नहीं है जिनको पानी की दिक्कत हो रही है, उन्हें परेशानी का सामना करते रहना होगा ?

उस स्थिति से मुकाबला करने के लिये प्रदेश सरकार ने जो लगभग 165 करोड़ की सहायता विभिन्न विभागों के माध्यम से मांगी

है, अगर सरकार वह नहीं देती है तो वहां के लोगों की हालात बहुत खराब होगी। वहां लोगों के पास काम नहीं है और राशन की दुकान भी नहीं है। हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 20-सूत्री कार्यक्रम बनाया। सभी राज्यों ने कहा कि इसका पालन होगा। लेकिन हमारे यहां राशन की दुकान नहीं है, राहत कार्य की व्यवस्था नहीं है।

मैं अभी उस क्षेत्र से आया हूं। एक सिरे से दूसरे सिरे तक लोग काम के अभाव में परेशान हैं, दूसरी जगह जाना चाहते हैं, लेकिन क्योंकि गृहस्थी लोग हैं, उनके पास जानवर हैं, बच्चे हैं, कहां जायें ? मंत्री महोदय हमारे प्रदेश के हैं। वह सारी कठिनाइयां जानते हैं। एक टैकनिकल गलती के कारण उत्तर प्रदेश को सहायता से वंचित करना नैतिक दृष्टि से अन्याय होगा। मंत्री महोदय इस पर पुनः विचार करें। अगर वह मानते हैं कि उत्तर प्रदेश में हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा सूखा है, तो कोई कारण नहीं है कि दूसरे राज्यों को जो सहायता दी गई है, उसी अनुपात में उत्तर प्रदेश को भी सहायता न दी जाए। हम जनता के सामने यह नहीं कह सकते कि एक सेक्रेटरी की गलती के कारण उत्तर प्रदेश को सहायता नहीं मिली है। इस बारे में मैमोरेंडम भेजा गया है।

कृषि मंत्रालय ने मत्स्य पालन, वन लगाने और उर्वरक वितरण आदि हर एक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इस मंत्रालय की उपलब्धियों को देख कर मैं गर्वान्वित होता हूं, लेकिन जहां तक वन नीति का सम्बन्ध है, कल राज्य मंत्री ने बताया कि एक नई वन नीति घोषित होने वाली है। पिछले साल इंडियन फारेस्ट एक्ट में जो संशोधन हुआ, उसके कारण हिन्दुस्तान के सभी वन वाले प्रदेशों और क्षेत्रों में---उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा मध्य प्रदेश आदि में--आदिवासियों और जंगल में रहने वाले अन्य लोगों को इतना कष्ट हो रहा है, जितना अंग्रेजों के राज्य में भी नहीं हुआ था। मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि इसकी आड़ लेकर जंगल विभाग के लोग नागरिकों के साथ मार-पीट करते हैं और उनके घरों में घुसकर उन पर अत्याचार करते हैं।

मिर्जापुर जनपद में आदिवासी और जंगल में रहने वाले अन्य लोग जिन जमीनों पर बरसों से खेती कर रहे हैं, जहां पर उनके मकान, कुएं आदि हैं, प्लान्टेशन के नाम पर उनको वहां से उजाड़ा जा रहा है। आदिवासी इलाकों में पहले शिफ्टिंग कल्टीवेशन होती थी। लेकिन कुछ वर्षों से उसको बन्द कर दिया गया है और अब वहां बंदोबस्त की कार्यवाही हो रही है। लेकिन जंगल विभाग इतने अत्याचार पर उतारू हो गया है कि यदि मंत्री महोदय ने इस बारे में उचित संरक्षण नहीं दिया और इस बारे में प्रदेश सरकारों को निर्देश नहीं दिया, तो आदिवासी और जंगल में रहने वाले लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं। यही कारण है कि आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर के आदिवासी इलाकों में उग्रवादी तत्वों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। वे लोग जनता को यह कह कर उकसा रहे हैं कि यह सरकार तुम्हारे पुराने हक हुकूक और राइटस एण्ड कन्सेशन्ज को छीन रही है। अगर उन हुकूक को बढ़ाया न जाए, तो कम से कम जो हक हुकूक मिले हुए हैं, उन्हें कम तो न किया जाए। इकालौजी के नाम पर नए जंगल लगाए जाएं, लेकिन वर्षों से लोग जिन जमीनों पर बैठे हुए हैं, उन्हें उनसे अलग नहीं करना चाहिए।

मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि नई वन नीति की घोषणा करने से पहले वह उन संसद्-सदस्यों की बात एक बार अवश्य सुन लें,

जिनके क्षेत्रों में वन हैं। केवल सरकारी सूचनाओं के आधार पर नीति बनाने से काम नही चलने वाला है।

यह मंत्रालय केवल कृषि का नहीं है, बल्कि ट्राइवल्ज़ और शिड्यूल्ड कास्ट्स के विकास का उत्तरदायित्व भी इस पर है। बहुत प्रयास करने के वावजूद सब ट्राइवल प्लान्ज़ और काम्पोनेंट प्लान्ज में 50 परसेंट टारगेट भी अचीव नहीं हो पाए हैं। 20-सूत्री कार्यक्रम के जो सूत्र इस मंत्रालय के अन्तर्गत आते हैं, उनकी उपलब्धि 50 प्रतिशत भी नहीं है। ज़रूरत इस बात की है कि किसानों और छोटे लोगों के विकास में जो अवरोध उत्पन्न हो रहा है, उसे दूर किया जाए। इसमें बैंक सहयोग नहीं कर रहे हैं। बैंकों और राज्य सरकारों की एडमिनिस्ट्रेशन में से कोई इसका उत्तरदायित्व लेने के लिए तैयार नहीं है। स्टेट गवर्नमेंट कहती है कि यह बैंकों की रेसपांसिबिलिटी है और बैंक कहते हैं कि यह डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की रेसपांसिबिलिटी है।

लेकिन दोनों के झगड़े में हमारे विकास कार्यक्रमों में तथा 15 मिलियन लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने में सफलता नहीं मिली है। इसी तरह से गत वित्तीय वर्ष में 24 लाख शेड्यूल्ड कास्ट और 13 लाख शेड्यूल्ड ट्राइब्स को सहायता देने की बात थी लेकिन यदि आप दिसम्बर तक के आंकड़े देखें तो उसमें आधा टारगेट पूरा नहीं कर पाए हैं। इसलिए इस सेक्टर में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

जहां तक बारानी खेती की बात है, सिंचाई के लिए इतना इन्वेस्टमेंट होने के बावजूद लाखों हेक्टेयर भूमि में ड्राइ फार्मिंग करने के सम्बन्ध में जो टारगेट था उसको भी हम अचीव नही कर पाए हैं लेकिन उसमें उत्तरोत्तर प्रगति जरूर हुई है। 42 प्रतिशत उत्पादन ऐसे क्षेत्रों से ही होता है। तिलहन आदि की महत्वपूर्ण फसलें उन क्षेत्रों से ही आती हैं। (व्यवधान) अब मैं केवल सुझाव ही देना चाहूंगा।

हमारे देश में कोयला, लोहा, बिजली ट्रांसपोर्ट आदि की जो कि सेक्टर अथवा बेसिक इण्डस्ट्रीज़ हैं उनके बाद आपको दूसरा स्थान कृषि का ही देना पड़ेगा। एग्रीकल्चर विभाग का सम्बन्ध फर्टिलाइजर से भी हैं। इसलिए जब तक सारे विभाग एक जगह बैठकर खेती के विस्तार के लिए प्रयास नहीं करेंगे, तब तक खेती का विस्तार सम्भव नहीं है।

इसके अतिरिक्त कृषि मूल्य नीति के बारे में भी आपको विचार करना होगा। कृषि द्वारा उत्पादित वस्तुओं तथा उद्योग-धंधों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के मूल्यों में सन्तुलन स्थापित करना आवश्यक है। एक फैक्टरी वाला जितना लाभ लेकर अपना माल बेचता है, किसान वैसा नहीं कर सकता है। कृषि मूल्य आयोग को इस पर विचार करना होगा। हम भी किसान हैं, हम जानते हैं कि किस अनुपात में खाद, बिजली, डीजल तथा अन्य चीजों के दाम बढ़े हैं और उनको देखते हुए कृषि उत्पादों के दाम उचित नहीं हैं। इसलिए सैद्धांतिक रूप से सरकार को कृषि उत्पादों तथा औद्योगिक उत्पादनों के मूल्यों में सन्तुलन लाने की बात सोचनी होगी।

इसी प्रकार से आज गाँवों में ऋण की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। जो आपका टारगेट है वह कभी पूरा नहीं होता है। इसके अलावा आई० आर० डी० पी० के सम्बन्ध में में पहले भी कह चुका हूं कि उस पर ध्यान देने की जरूरत है।

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : उसका संबंध रूरल डेवलपमेंट से है।

श्री राम प्यारे पनिका : रूरल डेवलपमेंट से सम्बन्ध तो है लेकिन मैं चाहता हूं कि इन चीजों पर अधिक जोर दिया जाए।

मैं माननीय मन्त्री जी तथा इस मंत्रालय के अन्य लोगों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति की है। मुझे आशा है कि मेरे सुझावों पर ध्यान देते हुए हमारे हितों की पूरी रक्षा माननीय मन्त्री जी करेंगे।

श्री दिगम्बर सिंह (मथुरा) : सभापति महोदय, मैं कृषि मंत्रालय के सम्बन्ध में अपने विचार रखना चाहता हूं। मैं समझता हूं हमारे सामने प्रश्न यह है कि देश की प्रगति कैसे हो, किस तरह से राष्ट्रीय आय बढ़े, किस तरह से प्रति व्यक्ति आय बढ़े, खाद्यान्न का आयात न करना पड़े, खाद्यान्न बढ़ाने का वातावरण बने, विदेशों में हमारी प्रतिष्ठा बढ़े, गरीबी अमीरी की विषमता कम हो, चोरी-डकैती कम हों, देश में बेरोजगारी न रहे तथा रक्षा की दृष्टि से भी हम शक्तिशाली बनें। तब हम समझते हैं कि देश की तरक्की होगी। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि देश की तरक्की के लिए हमें किस चीज़ को प्राथमिकता देनी चाहिए। देश की प्रगति के लिए हम कारखानों को बढ़ायें, उद्योग-धन्धों को बढ़ाये या कृषि को बढ़ायें। मैं यह कहता हूं कि हमारी राष्ट्रीय आय का लगभग आधा हिस्सा कृषि से आता है। हम जितना उत्पादन बढ़ाकर कृषि में तरक्की कर सकते हैं, उतना उत्पादन बढ़ाकर हम कारखानों में तरक्की नहीं कर सकते हैं। इसके हमारे सामने प्रमाण हैं, अगर हम कारखानों में तरक्की करते हैं, उत्पादन बढ़ाते हैं, तो दो-तीन प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ा पायेंगे। इसके साथ-साथ एक समस्या यह भी होगी कि हमें कारखानों को खोलना पड़ेगा और उसके लिए मैटीरियल का इन्तजाम करना पड़ेगा। विदेशों से उसके लिए मशीनें मंगानी पड़ेंगी और शिक्षित आदमियों को रखना पड़ेगा। इतना सब होने के बावजूद भी हमारा उत्पादन उस स्तर का नहीं हो सकता है, जिस स्तर का अमरीका का है, जापान का है, रूस का है और यूरोप का है। इसलिए हम अगर कृषि उत्पादन को बढ़ाते हैं, तो हम कृषि उत्पादन में आगे बढ़ सकते हैं और आगे बढ़कर देश की तरक्की कर सकते हैं।

मैं कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर आपको बताना चाहता हूं कि हरियाणा में गेहूं का उत्पादन एक वर्ष में 30 प्रतिशत बढ़ा है। खाद्यान्न की बढ़ोत्तरी एक वर्ष के अन्दर 29 प्रतिशत की हुई है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि क्या इस अनुपात में उत्पादन कारखानों में बढ़ा सकते हैं। कारखानों में उत्पादन बढ़ाने के लिए हम उतनी प्रगति नहीं कर सकते हैं, जितनी कृषि में कर सकते हैं। कृषि का उत्पादन बढ़ाने के लिए जो हमारी प्रगति है, वह संतोष जनक नहीं है। 1950-51 में उत्पादन 5 करोड़ 8 लाख टन हुआ था, 1978-79 में 13 करोड़ 19 लाख टन हो गया। ढ़ाई गुना उत्पादन बढ़ गया इसके साथ-साथ 1980-81 में 12 करोड़ 96 लाख टन रहा और 1981-82 में 13 करोड़ 31 लाख टन रहा। हमारा उत्पादन का अनुपात बढ़ा है। 1967-68 से 1981-82 तक 2.48 प्रतिशत उत्पादन बढ़ा है। हम केवल दो तीन प्रतिशत ही उत्पादन बढ़ाते हैं, इससे हमारी राष्ट्रीय आय नहीं बढ़ सकती है। आप देखें कि पंजाब में प्रति एकड़ जितना उत्पादन होता है, उसका 50 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में

होता है, कुछ प्रदेश ऐसे हैं, जहां 33 प्रतिशत होता है और कुछ ऐसे भी होंगे जहां 10 से 15 प्रतिशत होता होगा। यदि पंजाब के स्तर के साधन किसानों को उपलब्ध कराए जायें, तो वे भी उतना ही उत्पादन बढ़ा सकते हैं। उतना नहीं तो दुगुना या ड्योढ़ा तो कर ही सकते हैं। इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

मैं अब सरकार का ध्यान अमरीका की एक रिपोर्ट की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जिसको श्री जिम्मी कार्टर ने तैयार करवाई थी, जो गिलोबल दो हजार के नाम से रिपोर्ट तैयार थी। उसमें बताया गया है कि दो हजार सन् तक गेहूं नौ रुपए किलो बिकेगा।

SHRI A. K. ROY (Dhanbad) : Mr. Chairman, I am on a point of order. When the Demands for Grants of any Ministry are being discussed it is expected that the senior Cabinet Minister will be present here. May be for some time he may go out. Yesterday and today, though the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture, an important Ministry, were being discussed, I find that the senior Cabinet Minister has not been present for quite some time. Through you, Mr. Chairman, I want to make an appeal that the senior Cabinet Minister should be present, so that he can listen to the many suggestions that are being made by Hon. Members.

MR. CHAIRMAN : I am sure it is being taken note of.

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN : I am taking note of all the suggestions being made. I will pass on these suggestions to my senior colleague.

MR. CHAIRMAN : It is better that the senior Minister is present.

श्री दिगम्बर सिंह : उस रिपोर्ट में कहा गया है कि जो विकासशील देश हैं, उनको कम-से कम 50 मिलियन टन आयात करना पड़ेगा खाद्यान्न का। उस रिपोर्ट को हमारे एक वैज्ञानिक हैं, श्री एस. के. सिन्हा जो एग्री-कल्चर के साइन्टिस्ट हैं, उन्होंने उस रिपोर्ट को चैलेन्ज किया है और कहा है कि हमारे भारत वर्ष में यदि कृषि को प्राथमिकता दी जाय तो यह बहुत आगे बढ़ सकती है उन्होंने आंकड़े देते हुए बतलाया है कि अमरीका में जो एक टन गेहूं पैदा किया जाता है उस पर 102 लिटर डीजल खर्च होता है, जब कि हमारे यहां उतने उत्पादन पर 21 लिटर डीजल खर्च होता है। वह कहते हैं कि कुछ समय बाद कार्मशियल एनर्जी अमरीका तथा अन्य विकसित देशों में ज्यादा खर्च करनी पड़ेगी, उसकी कीमत ज्यादा बढ़ेगी क्योंकि भविष्य में पेट्रोल, कोयला, आदि वस्तुयें कम होगी। लेकिन यहां स्थिति भिन्न है, यहां कार्मशियल एनर्जी का ज्यादा उपयोग नहीं होगा, क्योंकि हमारे पास बैल हैं, आदमी खुद काम करता है, कम्पोस्ट खाद है, ये चीजें यहां ज्यादा उपलब्ध होंगी। उनका कहना है कि अमरीका जैसे देशों के मुकाबले हम सस्ता गेहूं पैदा कर सकते हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं—यदि हम कृषि पर अधिक ध्यान दें तो यही नहीं कि हमें विदेशों से नहीं मंगाना पड़ेगा, बल्कि उनको निर्यात भी कर सकेंगे तथा मंहगाई भी नहीं बढ़ेगी।

मेरा दूसरा निवेदन यह है कि हमारी राष्ट्रीय आय को बढ़ाने का साधन भी यही है। मैं एक मिशाल देना चाहता हूं—लोक सभा में एक प्रश्न के जवाब में बताया गया है। कि राष्ट्रीय आय उन प्रदेशों की ज्यादा बढ़ जाती है जहां खेती होती है। आप देखिये—हमारे देश में जहां 1978-79 में 464 अरब 46 करोड़ की राष्ट्रीय आय थी, वह 1979-80 में घटकर

438 अरब 80 करोड़ रह गई। लेकिन यदि हम प्रदेशों में देखें कि कहां-कहां घटी, तो आप पायेंगे कि बिहार में घटी, उत्तर प्रदेश में घटी, लेकिन पंजाब में नहीं घटी। पंजाब की राष्ट्रीय आय 1978-79 में 21 अरब 95 करोड़ 50 लाख थी, लेकिन दूसरे साल वह बढ़कर 22 अरब 7 करोड़ 10 लाख हो गई। पंजाब ने अपनी आय कैसे बढ़ा ली ? इसलिये कि वहां कृषि होती है, लेकिन बिहार में वह गिर गई क्योंकि वहां कारखाने ज्यादा हैं।

आप देखिये – प्रति व्यक्ति आय को जहां तक बढ़ाने का सवाल है—वह कैसे बढ़ सकती है ? मेरे पास आंकड़े हैं– जिस प्रदेश में कारखाने ज्यादा हैं, जैसे बिहार में, वहां 1978-79 में प्रति व्यक्ति आय 773 रुपये थी, लेकिन उसके मुकाबले पंजाब में 2351 रुपये थी, हरियाणा में 1895 रूपये थी। लेकिन 1980-81 में वह बिहार में बढ़कर 870 रूपये हुई, यानी केवल 97 रुपये बढ़े, लेकिन हरियाणा में 2335 रुपये हो गई यानि 560 रूपये बढ़े। इससे साबित होता है कि कृषि के ज़रिये राष्ट्रीय आय बढ़ सकती है। इसलिये मेरा निवेदन यह है—यदि आप प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना चाहते हैं तो सबसे बढ़िया तरीका यह है कि कृषि उत्पादन बढ़ाइये। यदि आप विदेशों से गेहूं के आयात को रोकना चाहते हैं तो उसका एकमात्र तरीका यह है कि आप देश के कृषि उत्पादन को बढ़ाइये। मैं मंत्री महोदय से एक बात कहना चाहता हूं एक किसान बैंक से कर्जा लेने जाता है और कहता है कि मेरे यहां टैनिस फील्ड बना हुआ है, क्रिकेट और दूसरे खेलों के लिये बहुत बढ़िया मैदान है, मेरा लड़का क्रिकेट खेलना जानता है, क्या बैंक उस को कर्जा देगा या उस किसान को देगा जिसके यहां ट्यूब वैल है, बिजली है, खेती सम्बन्धित दूसरे साधन हैं ? हमारे देश की प्रतीष्ठा एशियाड जैसे बड़े-बड़े खेलों के साधन बनाने से या नान-एलाइण्ड मूवमेन्ट जैसे सम्मेलन करने से नहीं बढ़ेगी। कोई विदेशी यदि हमारी प्रतीष्ठा को देखेगा तो हमारे उत्पादन से देखेगा। तो मैं समझता हूं कि इन चीजों से ज्यादा आवश्यक है उत्पादन का बढ़ाया जाना, जिससे देश से गरीबी दूर हो।

अब मैं गरीबी और अमीरी का मेल आपके सामने रखना चाहता हूं। राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि कारखानों से गरीबी और अमीरी में कितना अन्तर पड़ जाता है, खेती से इतना अन्तर नहीं होता है। कारखानों से क्या हुआ ? सन् 1979 में हमारे टाटा और बिरला की जो सम्पत्ति 13 अरब 7 करोड़ रुपये थी और एक वर्ष से बढ़ कर वह कितनी हो गई। टाटा की हो गई 15 अरब 38 करोड़ रूपये और बिरला की हो गई 14 अरब 32 करोड़ रुपये। एक बर्ष में इतनी बढ़ गई। फिर 1981 के आंकड़े सुनिये। वही सम्पत्ति बढ़कर टाटा की हो गई 18 अरब 40 करोड़ रुपये और बिरला साहब की हो गई 16 अरब 91 करोड़ रुपये। कितनी अधिक एक वर्ष में बढ़ कर हो गई। अब एक भारतवासी का अगर औसत लगाया जाए तो 1 करोड़ 55 लाख आदमियों की जितनी सम्पत्ति है, उतनी सम्पत्ति टाटा-बिरला एक परिवार की है। यह 1 गुना नहीं, 10 गुना नहीं, 100 गुना नहीं, लाख नहीं बल्कि 1 करोड़ 55 लाख गुना का अन्तर है। खेती में आप देखिये कि एक किसान जिस के पास 10 एकड़, 15 एकड़ या 20 एकड़ जमीन है, उसकी कितनी तरक्की होती है। उसकी तरक्की होती है, तो मजदूर की भी होती है और एक मजदूर के अगर 4 लड़के हैं, चार लड़कों की पत्नियां हैं और उसकी अपनी एक पत्नी है, तो घर में 10 आदमी हुए। आज हालत यह है कि जहाँ खेती अच्छी है, तो मजदूर को 10 रुपये से कम नहीं

मिलता यानी उस मजदूर की 100 रुपये रोज की आमदनी हो गई जबकि एक अच्छे किसान की इतनी इन्कम नहीं होती है, एक बड़े किसान की भी इतनी इन्कम नहीं होती है। मेरे यहाँ खेती होती है और खेती के अलावा कोई काम नहीं होता। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि किसानों से विषमता नहीं बढ़ती है, विषमता वहीं बढ़ती है, जहां कारखाने होते हैं।

बेरोजगारी का जहां तक सवाल है, तो बेरोजगारी को दूर करने का सबसे बढ़िया तरीका यही है कि कृषि का उत्पादन बढ़ाया जाय। आप पंजाब के किसी आदमी को मजदूरी करते हुए नहीं देखेंगे। मैं कश्मीर गया, असम गया, साऊथ में गया और बम्बई गया, तो वहां पर बिहार के आदमी ही दिखाई देते हैं, उड़ीसा के आदमी दिखाई देते हैं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के आदमी दिखाई देते हैं लेकिन हरियाणा और पंजाब का कोई आदमी नहीं दिखाई देता जोकि मजदूरी करता हो। क्यों नहीं दिखाई देता? वहां पर कृषि उत्पादन बहुत अच्छा है। तो बेकारी को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका जो है, वह यह है कि खेती का उत्पादन बढ़ाया जाए। इससे बेकारी दूर होगी और साथ ही साथ जब कृषि का उत्पादन बढ़ेगा, तो आयात में जो इतना रूपया लगता है, वह बच जाएगा और उसको आप रक्षा साधनों में खर्च कर सकते हैं जोकि हमारे देश की मजबूती के लिए बहुत आवश्यक है। उसके लिए हमें रुपया चाहिए लेकिन रुपया कारखाने बढ़ा नहीं सकते, कृषि ही बढ़ा सकती है। कृषि बढ़ने से आयात कम होगा। जब आयात कम होगा तो वह बचा हुआ रुपया रक्षा के कार्यों में लग सकता है और उससे देश को शक्तिशाली बनाया जा सकता है। कृषि का उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए, यह सवाल उठता है। इसका तरीका मैं आपको बताना चाहता हूं।

एक बात मैं बेरोजगारी के बारे में बीच में ही छोड़ गया था। हमारे यहां के स्वामीनाथन जो हैं, उनको लन्दन में एक वर्ल्ड प्राइज मिला है और उन्होंने यह कहा है कि अगर तुम्हें बेकारी दूर करनी है, तो कृषि का उत्पादन बढ़ाओ और बेकारी बढ़ानी है, तो बाहर से खाद्यान्न का आयात कराओ। खाद्यान्न के आयात से बेकारी बढ़ती है और उसके उत्पादन को बढ़ाने से बेकारी दूर होती है, यह स्वामीनाथन जी, जो एक विशेषज्ञ हैं, ने कहा है।

मैं यह कह रहा था कि कृषि का उत्पादन कैसे बढ़े। उत्पादन बढ़ाने का सबसे बढ़िया तरीका यह है कि उसके मूल्यों को बढ़ाओ। मूल्य बढ़ जाते हैं, तो उत्पादन अपने आप बढ़ जाएगा। मैं आपको बताना चाहता कि 15 अप्रैल 1955 को इसी लोक सभा में खड़े होकर मैंने यह बात कही थी ओर आज फिर इसको दोहराता हूं। मैंने यह कहा था कि जब उत्तर प्रदेश में 50 लाख टन गेहूं पैदा हुआ, तो गेहूं की कीमत गिर गई और उससे 80 करोड़ रुपये की हानि उत्तर प्रदेश के किसानों को हुई। मैंने फिर लोक सभा में 9 अप्रैल, 1956 को यही बात कही थी कि हमारे देश में 553 लाख टन अनाज का उत्पादन हुआ है और उससे जो कीमत गिरी थी, उस कीमत के गिरने से साढ़े 7 अरब रुपये का नुकसान किसानों को हुआ था। ये साढ़े 7 अरब रुपया किसानों को मिलता, तो उत्पादन बढ़ जाता। जो मैंने 30 अप्रैल, 1965 को लोक सभा में कहा था वह मैं आपको पढ़कर सुनाना चाहता हूं —

"उत्पादन केवल उन्हीं चीजों का बढ़ता है जिनका मूल्य बढ़ जाता है। 1962 में चावल का मूल्य 3 इंडैक्स 101 से बढ़कर 114 हो गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि चावल

का उत्पादन बढ़ करके 319 लाख टन से 365 लाख टन हो गया।

यह सन् 1965 की बात हैं। अब की बात नहीं हैं। चावल का मूल्य इन्डैक्स बढ़ करके 101 से 114 हुआ तो उत्पादन बढ़कर के 319 लाख टन से 365 लाख टन हो गया। उसी वक्त गेहूं का मूल्य इन्डेक्स गिर गया। गेहूं का उत्पादन एक टन से घट करके 97 लाख टन रह गया। उत्पादन एक ही बर्ष मे एक का बढ़ा और दूसरे का घटा। अब दूसरे साल की बात आप देखें। "1964 में गेहूं का इन्डैक्स मूल्य 112 से बढ़कर 145 हो गया, उसी अनुपात से मुझे यह दिखाई देता है कि उत्पादन बढ़ जाएगा।" उस समय मैंने कहा था आज यह बात मैं लोक सभा में कह रहा हूं। मैं कोई भविष्यवक्ता नहीं हूं, ज्योतिषी नहीं हूं। यह मैंने उस वक्त कहा था कि गेहूं का इन्डैस बढ़ गया है, 112 से 145 हो गया है, इसलिए उत्पादन भी बढ़ेगा। मैं आपको आंकड़े बता रहा हूं। यह आंकड़े मैं उस लोक सभा के भाषण के बाद के बता रहा हूं। उस वर्ष 1965 में उत्पादन 97 लाख टन से बढ़कर 122 लाख टन हो गया। यह भविष्यवाणी को बात नहीं हैं। इसलिए मैं आप से कहना चाहता हूं कि उत्पादन बढ़ाने का एक ही तरीका हे कि मूल्य वृद्धि हो।

मंत्री जी कहते हैं कि भाव विशेषज्ञ तय करते हैं, क्या भाव विशेषज्ञों की राय से तय करते हैं। एक रिपोर्ट से मैं आपको बताना चाहता हूं। यह कानपुर की एग्रीकल्चर आजाद यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट हे। इसके विशेषज्ञों की एक कमेटी बनी थी। उसमें डा० ओमप्रकाश और डा० रामनारायण सिंह थे। उन विशेषज्ञों ने जांच की और एक रिपोर्ट तैयार की। उस रिपोर्ट को मैं मंत्री जी को पढ़कर सुनाना चाहता हूं। उस रिपोर्ट में से मैं केवल एक बात उत्पादन पर क्या खर्चा आता है, जोकि विशेषज्ञों ने बताया है वह मैं बताता हूं। उन्होंने बताया है कि गेहूं के उत्पादन पर एक क्विंटल पर 211 रुपये खर्च होते हैं जौ पर 199 रुपये खर्च होते हैं, धान पर 295 रुपये खर्च होते हैं, आलू पर 62.63 रुपये, गन्ने पर 36.48 रुपये खर्च होते हैं। इसी तरह से उड़द और मूंग के खर्च भी उन्होंने बतायें है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जिस चीज के भाव बढ़ते हैं, उसी चीज का उत्पादन बढ़ता है। लागत से मूल्य कितने कम तय किये है। गेहूं का मूल्य केवल 151 रुपये।

सभापति महोदय, यह जो कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट है। इसमें बताया गया है कि एक वर्ष में धान के भाव बढ़े 28 प्रतिशत, चने के 62 प्रतिशत, मूंगफली के 55.3 प्रतिशत, सोयाबीन के 40 प्रतिशत और गेहूं के मूल्य में सबसे कम वृद्धि 23.5 प्रतिशत की हुई। इसका नतीजा यह हुआ कि किस-किस का कितना-कितना उत्पादन हुआ। उन आंकड़ों को आप देख लें। यानी तिलहन का उत्पादन बढ़ा 29 प्रतिशत। खाद्यान्नों के उत्पादन के साथ आप देख लें कि तिलहन का उत्पादन इतना क्यों बढ़ गया। वह इसलिए 29 प्रतिशत बढ़ गया कि तिलहन का मूल्य बढ़ गया। वह निर्विवाद बात है कि उत्पादन बढ़ाने का सबसे है कि बढ़िया तरीका एक ही है कि मूल्य, बढ़ा दो।

इस बात को मंत्री जी भी जानते हैं, इनके परिवार वाले भी जानते हैं, किसान भाई भी जानते हैं और सभी जानते हैं। उत्पादन तभी बढ़ता है जब कि उसका मूल्य बढ़ता है। इसलिए मूल्य बढ़ाना उत्पादन बढ़ाने के लिए जरूरी है।

मैं जानता हूं कि कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनको कि हल करने में कुछ

मजबूरियां होती हैं। मंत्री जी भी वही करना चाहते हैं जो मैं बता रहा हूं। लेकिन मंत्री जी की मजबूरी यह है कि वे गद्दी पर, कुर्सी पर बैठे हैं और कुर्सी पर बैठकर अपने साथियों का ध्यान रखना पड़ता है। कुर्सी की एक मिसाल देना चाहता हूं। श्री रामचन्द्र जी ने धोबी के कहने से सीता जी को बनवास दे दिया। वे कह सकते थे कि सीता निर्दोष है, मैं इसको बनवास नहीं दे सकता, कुर्सी छोड़ता हूं। गुरु वशिष्ठ जी भी पास में कुर्सी पर बैठे थे। उन्होंने भी यह नहीं कहा कि रामचन्द्र जी आप क्या कर रहे हैं? आप निर्दोष सीता को बनवास भेज रहे हैं। लेकिन कुर्सी के कारण उन्होंने भी नहीं कहा। एक और द्वापर का उदाहरण है। भीष्म पितामह और गुरु द्रोणाचार्य बैठे थे, लेकिन द्रोपदी का चीर-हरण होता रहा। कुछ नहीं बोल पाए। क्योंकि दुर्योधन की कुर्सी पर बैठे थे उनमें से एक सब कौरवों को मार सकता था।

मुझे एक और उदाहरण याद है। राष्ट्र-पिता महात्मा गांधी दिल्ली में थे। ए.आई.सी.सी. की मीटिंग हो रही थी। मैं भी ए.आई.सी.सी. का मेंबर था। पाकिस्तान बने या न बने, इस बारे में ब्रिटिश सरकार की योजना मानी जाए या नहीं, इस पर विचार हो रहा था। महात्मा गांधी जिन्होंने एक बार कहा था कि मैं देश के टुकड़े नहीं होने दूंगा चाहे मेरे टुकड़े हो जाएं, लेकिन उन्होंने वहां पर कहा कि तुम्हारे नेताओं ने जो फैसला कर दिया है, उसको मान लो। कुर्सी पर बैठने वाले नेताओं की वजह से उनको यह बात कहनी पड़ी। यह हमने आंखों से देखा और कानों से सुना है।

श्री भोगेन्द्र झा (मधुबनी) : मैं इस संदर्भ में एक बात बताना चाहता हूं। गांधी जी ने यह भी कहा था कि इस नेतृत्व को उखाड़ फेंको, मैं तुम्हारा साथ दूंगा।

श्री दिगम्बर सिंह : जयप्रकाश जी पर भी इसका असर पड़ा। जय प्रकाश जी ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी बैठक में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु ने कहा है कि तटस्थ हो जाओ। राम मनोहर लोहिया और अन्य सोशलिस्ट लोगों ने निगाह नीची कर ली। आंखों में आंसू थे, लेकिन भारत के टुकड़े होने का विरोध नहीं कर पाए क्योंकि इनके नेता कुर्सी पर बैठे हुए थे।

सभापति महोदय, मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि प्रतिष्ठा कुर्सी से नहीं होती। किसानों को उचित कीमत देने के लिए कुर्सी को त्याग दें। गांव-गांव में किसान कहेगा कि किसानों के हित के लिए राव बीरेन्द्र सिंह ने ऐसा किया है। राव साहब के बारे में कहा जाता था कि "आया राव-आया भाव, गया राव-गया भाव"। उस प्रतिष्ठा को बनाए रखिए। आपकी पूजा होगी।

आप कहते हैं कि देश में प्रजातंत्र है। आप इस संबंध में सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोगों के भाषण पढ़ लें। किसी ने यह नहीं कहा कि गेहूं की कीमत ठीक दी गई है। अगर प्रजातंत्र है तो इंदिराजी कह दें कि गेहूं की कीमत पार्लियामेंट तय कर ले। स्वतंत्र वोटिंग होने दें। गेहूं की कीमत कम होने से उत्पादन गिरेगा हमें आयात करना पड़ेगा। पिछले साल 25 लाख टन किया, इस वर्ष 40 लाख टन हुआ और 60 लाख टन आयात अगले वर्ष करना पड़ सकता है। उत्पादन बढ़ाने का एक ही तरीका है कि मूल्य उचित दिया जाए।

राजा महेन्द्र प्रताप अभिनन्दन ग्रन्थ के लिए लिखे अपने लेख में सरदार पृथ्वी सिंह आजाद ने लिखा है —

"सजदा करने से अगर मिलती है वहिश्त,
बेहतर है वह दोजख जहां सिर न झुकाना पड़े।"

विश्व का सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक आइंस्टाइन कहता है —

I quote :

> "Dr, Einstein has said that if he had his life over again, he would not try to become a scientist, a scholar or a teacher. He said, 'I would rather choose to be a plumber or a peddler in the hope of finding that modest degree of independence still available under present circumstances."

आजाद रहकर भी सच्ची बात कहना अधिक अच्छा होता है ।

राव साहब, मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप उसी बात को कहें, जिसको कहते रहे हो । उसी से देश और जनता का हित होगा । आज हमारे देश में मानसिंह को कोई नहीं पूजता सिर्फ महाराणा प्रताप की पूजा होती है । आप किसी भी किसान से पूछ लें, जवाब नहीं मिलेगा कि गेहूं का भाव बढ़ा दो तभी उत्पादन बढ़ेगा ।

को-आपरेटिव मूवमेंट की हालत खराब हो गई है । पहले अच्छी थी । 7 अप्रैल 1964 को मैंने जो संसद में कहा था, वह आपको बताना चाहता हूं । "हमारा जिला सहकारी बैंक एक करोड़ 60 लाख रुपए बांट रहा है और वसूल भी किया जाता है । अगर उस ऋण के बांटने में बैंक के किसी एक कर्मचारी ने एक पैसा रिश्वत लिया हो, यह प्रमाणित हो जाए तो मैं लोक सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र दे सकता हूं ।" मैंने आगे फिर कहा था,"उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके सामने फिर निवेदन करना चाहता हूं कि मथुरा में एक सहकारी किसान निवास के नाम से भवन बनाया जा रहा है, उसमें लाखों रुपया खर्च होगा । मैं यहां पर इस बात के लिए घोषणा करता हूं कि वहां यदि एक सेर सीमेंट या एक नये पैसे का गबन हुआ हो, यह कोई साबित कर दे, तो मैं उसको एक हजार रुपया इनाम दे सकता हूं ।" इसके बाद मैंने कहा था "अंत में निवेदन करना चाहता हूं, सर्वाधिक जनप्रिया सर्वाधिक पूंजीवाद विरोधी, सर्वाधिक समाजवाद की ओर ले जाने वाला, सर्वाधिक जन-सम्पर्क कायम करने वाला अगर कोई विभाग है तो वह सहकारिता विभाग है । अगर कोई विभाग जनता को शान्ति देने वाला, जातीयता और साम्प्रदायिकता को मिटाने वाला, साम्यवाद, समाजवाद, गांधीवाद, सर्वोदय और प्रजातंत्र का निचोड़ है तो वह सहकारिता है । सहकारिता विषमता को काटने वाली तलवार और शोषण से बचाने वाली ढाल है ।" आज इसका उलटा है । उत्तर प्रदेश के एक मंत्री श्री वासुदेव सिंह अलीगढ़ की सभा में क्या कहते हैं, यह भी आपको बताता चाहता हूं । जब उन्होंने पूंजीवाद के विकल्प के रूप में सहकारिता को प्रोत्साहन देना चाहा तो उनसे यह कहकर सहकारिता विभाग ले लिया गया कि उनके पास काम ज्यादा था और इसीलिए उन्हें हलका कर दिया गया ।" श्री सिंह कांग्रेस आई के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन के अवसर पर स्वयं-सेवकों को सम्बोधित कर रहे थे, तो उन्होंने कहा "जब मेरे द्वारा पूंजीवाद पर चोट की गई तो पूंजीपति तिलमिला गए और मुझे सहकारिता विभाग से हटना पड़ा, इसका यह अर्थ क्यों नहीं लिया जाए कि मंत्रीगण भी पूंजीपति के हाथों बिके हुए हैं ।" वे आगे कहते हैं, "खाद्य और आपूर्ति मंत्री ने कहा कि, मेरा स्पष्ट मत है कि यदि पूंजीवादी व्यवस्था स्पष्ट करनी है तो सहकारिता को प्रोत्साहन देना होगा । उन्होंने कहा कि आज चरित्र की स्थित यह है कि एक बार मंत्री कहता है, अमुक अधिकारी का ट्रान्सफर कर दो और ट्रान्सफर

हो जाने पर वही कहता है "ट्रान्सफर रोक दो।" इसका सीधा अर्थ है, "सौदा पट चुका है।" यह उन्होंने अलीगढ़ की सभा में कहा जो अमर उजाला में निकला था।

माननीय कृषि मंत्री जी ने 22 दिसम्बर 1981 को जो सलाहकार समिति में कहा, वह आपको बताना चाहता हूं। मैंने कहा था कि उत्तर प्रदेश में समितियों के चुनाव नहीं हुए तो माननीय कृषि मंत्री जी कहते हैं, "अध्यक्ष महोदय ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से उन समितियों में जिनमें चुनाव नहीं हुए हैं, के बारे में राज्य सरकार से जानकारी एकत्र करने और उसे अभी परामर्शदात्री समिति में पेश करने को कहा है। उन्होंने कहा, राज्य की उन सहकारी समितियों में जिनके चुनाव नहीं हुए है, को दिए जाने वाले अनुदान को रोकने के प्रश्न पर भी विचार किया जाना चाहिए।" किन्तु 1981 के बाद आज तक चुनाव नहीं हुए। मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि अनुदान को रोक नहीं सके। लैण्ड एक्वीजीशन एक्ट के बारे में मैंने कहा था कि इसमें संशोधन कर दो, पता नहीं आपके पास यह विभाग रहे या न रहे, और वही हुआ। वह विभाग उनसे वापिस ले लिया गया। अधिकारियों द्वारा एक बिल अमेंडमेंट के लिए बनाया गया था, उसको मंत्री जी ने और स्पीकर साहब ने भी माना कि खराब है। मैं सिर्फ इसलिए कह रहा हूं कि मंत्री जी कोई ऐसा काम करें जिससे इतिहास उन्हें याद करे। लोग कहेंगे कि मंत्री जी किसानों के लिए कुछ त्याग करके गये हैं। आज गांधी जी नहीं हैं, फिर भी उन्हें याद करके उनके ऊपर फिल्म बनायी गई है जो दुनिया में देखी जा रही है। टाटा-बिरला की फिल्म बना दी जाए तो कोई नहीं देखेगा।

महात्मा गांधी की फिल्म लोग कहते हैं। आजबिड़ला, टाटा की फिल्म बना दी कोई नहीं देखेगा। कुर्सी पर बैठने वाले नेता की कोई ऐसी फिल्म नहीं है जिसे लोग देखें। देश इस बात के लिये राव साहब को दोषी बतायेगा कि गेहूं की उत्पादन लागत 211 रु० होने पर भी उन्होंने गेहूं का भाव 151 रु० प्रति क्विंटल ही रखा है। उन्हें ज्यादा भाव के लिये लड़ना चाहिये था। लेकिन ऐसा उन्होंने नहीं किया। मेरा निवेदन है कि गेहूं का भाव बढ़ाओ और देश को आगे बढ़ाओ। यही मेरा कहना है।

SHRI NITYANANDA MISRA (Bolangir): Mr. Chairman, Sir, there has been a persistent criticism that we have not been able to achieve substantial progress in the field of agriculture. I do not agree with this view and I feel that there is no substance in that criticism.

Sir, it is extremely difficult to make an objective assessment of the progress we have made in a drought year. Drought is a very dominating factor that influences our agricultural production to such a great extent and that damages the prospects of good harvest to such a high degree that in a drought year, though there is progress, it appears as if we have made no progress. If we can correctly assess the shortfalls is the agricultural production which can be attributed to drought or flood or any other natural calamities, then only we can say to what extent the progress has been made in the field of agriculture.

I would like to place certain factors which will make this point clear and obvious. We faced the drought condition in the year 1979-80 and this year also, during the Kharif season we faced the drought. This year's drought was more severe, more intensive, more widespread—had an extensive coverage of wider area—than the drought that we witnessed in the year 1979-80. Again, we remember that in the years 1965, 1966 and 1967, we faced the drought conditions and we were compelled to import 26 million tonnes of foodgrains to feed our people—though at that time, some 20 years back, there were less number

of mouths to be fed. This conclusively proves that drought is having less and less of influence on agricultural production and it is because of the fact that our Ministry has formulated and implemented with certain amount of sincerity and vigour, the agriculture strategy calculated to improve our agricultural production substantially. The agriculture strategy consists of extending our irrigation potential, increasing the consumption of fertilisers and introduction of high yielding varieties and I am confident that if this strategy is pursued with greater amount of vigour and energy, within a couple of years we shall be able to attain a stage of stability and self-sufficiency so that droughts or adverse weather conditions will have only marginal effect on our agricultural production.

Irrigation is very crucial and vital to agriculture. We all know that. It not only enables the farmers to raise more than one crop from the same land in a year, but it also makes possible the introduction of scientific and modern method of cultivation with larger doses of inputs which increases productivity. We have increased our irrigation potential at the rate of 2.4 million hectares during the last three years nd we propose to increase it by 3 million hectares in the coming two years of the Sixth Five Year Plan. But we shall have to see that not only the irrigation potential is increased but its fullest use is ensured.

Water has become a very costly input because of the escalation of the cost of irrigation projects. Its economic use also should be ensured. Therefore it is necessary that scientific and modern techniques of water management should be ensured which will take care of the fullest utilisation of the irrigation potential that has been created and also economic use of water.

Fertiliser is also a very important item which helps in increasing agricultural production. We know from experience that when we have increased the consumption of fertiliser, it has been reflected in improvement in agricultural production also. But the price of fertiliser is so high prohibitive that it tends to discourage consumption of fertiliser, to a certain extent. I appeal to the Hon. Minister to further subsidise the price of fertiliser so that the poor farmer can purchase fertiliser which will be economical for him and with the increased consumption of fertiliser, our agricultural production may increase. I think that the advantage that we shall derive in terms of increased agricultural production will far outweigh the amount of money that you give towards further subsidy to fertiliser. To know the exact fertiliser requirement of the soil, it is absolutely necessary that there must be soil testing facilities which we do not have at present in the rural areas as a result of which very often excessive doses of fertiliser are given by the farmer which do not increase our production. Therefore I would appeal to the Hon. Minister to see that there is facility for soil testing in the rural areas at the block-level at least, so that the farmers can get the soil tested, so that they can know the exact requirement of fertiliser for their land and they can economise in the use of fertiliser which is also very very necessary considering its high price. In our country there is a vast possibility for utilising the organic manure that we have got. But unfortunately it is being wasted and not properly used. Organic manure not only enriches the soil, changes its texture and composition and gives it nutrients and minerals but also leads to increase in agricultural production if it is used on an extensive scale.

Therefore, there must be a very intensive compaign to educate the farmers about the utility of organic manure. In our country we have a colossal amount, thousands of crores of rupees worth of organic manure, which can be utilised for agricultural production and it will be a great help to us in boosting our production and increasing the productivity.

Our agricultural scientists and research scholars have done a commendable job. They have evolved and developed hybrid seeds, high-yielding varieties of seeds, and modern and scientific method of cultivation. But the knowledge which they have acquired should not be confined

to the laboratory; it must go to the field, reach the door of the farmers, so that they utilise this knowledge and are benefited from it.

The extension work which is being done at present is not satisfactory. Those who have been shouldering the responsibility of extension work do not have the competence, do not have the knowledge, theoritical and practical, and do not have the incentive to give that knowledge to the farmer so that he can utilise it, he can adopt new, modern and scientific methods and increase his agricultural output. I shall give you one example from my constituency. We have got a very big cold storage plant for potato preservation. But the agricultural officers are very indifferent and callous to potato cultivation, as a result of which.....

MR. CHAIRMAN : Please try to conclude.

SHRI NITYANANDA MISRA : I request the Chairman, in view of the previous speaker having taken more than half an hour, to be generous to me by giving some more time.....

MR. CHAIRMAN : Leave it to the Chair. That was the time allotted to that party and they have utilised it. There is a long list of names from the Congress-I Party and I have to give only ten minutes each.

THE MINISTER OF AGRICULTURE (RAO BIRENDRA SINGH) : He may be allowed some more time. He is taking interest in the subject.

MR. CHAIRMAN : I don't mind. The Hon. Member will continue.

SHRI NITYANANDA MISRA : The agricultural officers there have not exhibited much interest for improvement of potato cultivation as a result of which potato cultivation has not made much headway in spite of the fact that we have got a very big cold-storage plant in our district. The main difficulty is the availability of quality seeds, including the potato seed which has been recently released by our research centre. This is a problem not only in my constituency but also in the whole of the State where hundreds of acres of land have been devoted to potato cultivation but the potato growers find difficulty in getting quality seeds and the latest developed seed which they require. I would draw the attention of the Hon. Agriculture Minister to this and I would request him to have a potato seed farm in Samilguda, Koraput district, where the climatic condition and the soil are very much similar to those of the Nilgiri Hills where potato is grown throughout the year. We can have a seed farm there which will fulfil the requirement of the potato growers in the whole of the State.

Our agricultural scientists have done a very good job and have evolved a technology which is relevant, which is suitable, to irrigated areas. But in our country 70 per cent of the cultivable land is dry and rain-fed. Only 30 per cent has irrigation facilities and 70 per cent of the farming community cultivate land under rain-fed conditions. That is the reason why it is necessary that emphasis should be shifted to intensive research work suitable to rain-fed conditions so that the farmers belonging to the rain-fed areas can be benefited from it.

15.00 hrs.

A new technology has got to be evolved. A new technique of dryland farming has got to be evolved. Of course, some work is being done in this regard and we have got seeds which are drought-resistant and which can stand whenever there is scarcity of water. Still much needs to be done by our agricultural scientists in the field of evolving a technology which will be relevant to our dry conditions and rain-fed conditions.

We have got high-yielding varieties and crops and these high-yielding varieties are suitable for cultivation in those areas which receive irrigation facilities because they require regulated supply of water. Therefore, every irrigated area must come under high-yielding varieties. But, unfortunately, there are vast areas which get irrigation facilities but where scientific and modern technique of cultivation with its high-yielding varieties has not been introduced. Therefore, there must be an intensive campaign to motivate, the farmers of the irrigated areas to adopt scientific techniques and go in for cultivation of high-yielding varieties which will substantially augment our agricultural production.

Another mistake we have made is to introduce high-yielding varieties in dry and rainfed areas. Because in that event there is a grave risk that if there is a drought condition, then the entire crop will fail and as the investment in high-yielding varieties is very very high, the farmer stands the risk of running a heavy loss. Therefore, the high-yielding varieties should not be grown in rain-fed conditions because of the grave risk that is involved.

Another point which I want to make is that there are certain lands which get irrigation facilities. The cultivators have the option to cultivate them or not to cultivate them. We have been providing irrigation facility at a huge cost and sacrifice to the entire nation and the country. So when irrtgation facility has been extended to certain areas it should be utilised to the fullest extent by the farmers and there must be an element of compulsion on the farmer to cultivate and make the best use of the irrigation facilities available so that our agricultural production can be maximised.

On the oil seeds and pulses front we have not been able to produce enough. As a result we are compelled to import edible oils by paying very valuable foreign exchange. We have not been able to make substantial progress in this field because of the fact that it is not remunerative for our farmers to grow oil seeds and pulses because the productivity is low.

15.04 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*].

If our agricultural scientists can evolve certain varieties of pulses and oil seeds whose productivity will be high and whose yield will be very high, then it will be economic for them and remunerative for the farmers to go in for the cultivation of such pulses and oil seeds.

Some years back we saw a news item that one variety of pulses has been evolved whose yield will be 25 to 30 quintals per hectare but, unfortunately, this technique and the hybrid seeds of this variety probably has not yet reached the farmer and that is the reason why we still face deficiency in pulses and oil seeds.

Mr. Chairman, the requirement of water for these crops is very less and their fertiliser requirement is also very less and, as such, we can grow these crops in rabi season when the yield will be very very high because uptil now we have been cultivating pulses and oil seeds in the kharif reason. Considering the fact that yield in the rabi season is high and its requirement of water is low, encouragement should be given to the farmers to cultivate these crops in the rabi season.

Sir, I would like to mention a few words about the insecticides which we are using. In the villages we do not have experts who can educate the farmers about plant protection measures and about the use of insecticides. There are so many diseases which require different types of insecticides and there are different types of insects which require different types of plant protection measures. What we feel is that because there is nobody with specialised knowledge in protection measures the cultivators in their anxiety to tackle the problems of pests and diseases very often use excessive doses of insecticides which leades to pollution of air and water. It should be checked by giving them correct advice.

Secondly, Sir, we hear that multi-nationals are dumping insectisides in other countries. If it is a fact and since we use it excessively it will lead to pollution of air which will be a great health hazard and threat to the health of the nation.

Lastly, I would mention about defore-station which is taking place now. There is indiscriminate felling of trees as a result of which our agricultural economy is being threatened. It leads to soil erosion in a big way and our river beds are filled with sands with the result there is flood havoc and siltingof reservoirs. We thought these reservirs would last 80 to 100 years whereas we now find after 15 to 20 years there is the problem of silting in the reservoirs. The climate also becomes unpredictable and rainfall becomes erratic. Therefore, steps should be taken not only for starting new afforestation but also preservation of the forest wealth should be taken care of. If required, there should be suitable legislation to ban the felling of trees.

With these words I support the Islands under consideration.

श्री भोगेन्द्र झा (मधुबनी) : सभापति जी, इस विभाग की मांगों के सम्बन्ध में बोलने के वक्त एक उलझन आ जाती है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ जो विभाजन हुआ है, वह इतनी जल्दी में हुआ है कि कुछ ऐसी चीजें, जो कृषि विभाग के लिए आवश्यक हैं, वे इतनी उलट-पलट जाएंगी, इसको हम लोगों को समझने में दिक्कत होती है और शायद मंत्री जी को भी दिक्कत होती होगी ।

सभापति जी, हमारे देश में सन् 1950 के बाद जो खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि हुई है, वह संतोषजनक तो नहीं है, आवश्यकता के मुताबिक भी नहीं है मगर जो वृद्धि हुई है, वह खुशी की बात जरूर है । ढाई गुना जो वृद्धि हुई है, वह खुशी की बात है और इस वृद्धि में भूमि सुधारों का एक महत्वपूर्ण योगदान है । जमींदारी का उन्मूलन, कुछ हद तक हदबन्दी कानूनों का लागू होना, कुछ हद तक काश्तकारी कानूनों, बटाईदारी कानूनों का आंशिक रूप से लागू होना, जिससे जोतने वालों के हाथों में जमीन गई और गैरहाजिर भूस्वामियों की संख्या में कमी हुई लोगों के हाथों में जो जमीन इकट्ठा हो गई थी, उसमें कमी आई । इसलिए कृषि उत्पादन की बात करने के लिए कृषि विभाग की मांगों पर बात करने के लिए आवश्यक रूप से कृषि सुधारों की बात करनी होगी और अधूरे भूमि हदबन्दी कानूनों का लागू होना, जो अभी भी बाकी है, इन सबका समाधान इस मंत्रालय के हाथों में नहीं रहा है जिससे कृषि उत्पादन के मामले में बाधा पड़ेगी । कृषि विभाग के हाथों मे अब सिर्फ एक मामला जरूर है और वह है कर्ज़ का मामला । सभापति जी, जो कुछ भी सहायता किसानों को, सीमान्त किसानों को, लघु किसानों के कर्ज वगैरह के रूप में दी जा रहे है, उसकी कुछ कीमत है मगर अभी भी कृषि उत्पादन को बढ़ाने में वह निर्णायक नहीं हो सकी हैं । इसका एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि गैर-कानूनी सूदखोरी बड़े पैमाने पर हमारे गांवों में चलती है । मेरी जानकारी में तो यह आया है कि शहर भी इससे बाकी नहीं रहे हैं और राजधानी दिल्ली में खुलेआम गैर-कानूनी सूदखोरी होती है । देश का एक भी शहर, एक भी गांव ऐसा नहीं है, जहां विभिन्न सरकारी कानूनों का उल्लंघन करके बढ़ी हुई दर पर सूद न वसूल होता हो । जो विभिन्न कर्ज मुक्त कानून राज्य स्तर पर पास किये गये हैं चाहे केन्द्र शासित राज्य हों, चाहे दूसरे राज्य हों और चाहे केन्द्र-शासित क्षेत्र हों, कहीं भी ऐसा नहीं है, जहां दावे के साथ यह कहा जा सके कि खुलेआम कानूनों का उल्लघन नहीं होता हे । मैं बड़ी आशा से इस चीज को कृषि मंत्रालय के प्रतिवेदन में खोज रहा था मगर इसका कोई जिक्र इसमें नहीं है ।

या तो हमारा विभाग इस मामले से पूरी तरह से अनभिज्ञ है कि आज भी पूर्ण सरकारी और अर्द्ध-सरकारी स्रोतों से कर्ज मिलने के बावजूद भी बड़े-बड़े सूदखोरों और महाजनों के जरिये से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत ज्यादा सूद की दर पर कर्ज दिया जा रहा है। गैर-कानूनी सूदखोरी की कानूनी 15 प्रतिशत तक की सीमा है लेकिन कम-से-कम जहां बहुत जायज है वहां 25 प्रतिशत, नहीं तो 35, 70, 125 और 250 रुपये प्रतिशत और इससे भी ज्यादा सूद की दर है और गरीब किसान पूंजी बचा नहीं पाता है, जिससे वह उत्पादन के कार्य में लगा सके। खेत में अन्न पैदा होते ही, उसके हाथ से वह छीन जाती है। एक बार सूखा पड़ गया, दो चार बाढ़ आ गई और अगर चौथी बार उपज अच्छी हो भी गई, तो सूद इतना बढ़ता चला जाता है कि वह पैसा उसे महाजन को देना होता है और गैर-उत्पादक कार्यों में वह पूंजी लगती है। कोई कारखाना खोल कर उसमें वह नहीं लगता है और न ही कृषि उत्पादन में वह लगती है बल्कि गैर-उत्पादक सूद के साथ उत्पादन करने वालों से पूंजी छीन कर अपने हाथों में कर लेते हैं। जो भी कानून हम देखते हैं, उनका कार्यान्वयन कितना हुआ, कितना नहीं हुआ, उसके बारे में इस रिपोर्ट में अछूता छोड़ दिया गया है। इतना ही जिक्र किया गया है कि कुछ राज्यों तमिलनाडु वगैरह की सरकारों ने इस बारे में कुछ कदम उठाये हैं। मगर यह मंत्रिमंडल क्या करता है ? जो केन्द्र शासित क्षेत्र हैं उनमें आप क्या करते हैं ? अगर आप इन कानूनों को खत्म करने का ऐलान कर दो तो भी बात समझ में आ जायेगी कि सूदखोरी जो आज जगह-एगह पर चल रही है, खूब चल रही है उसके लिए कोई कानून नहीं है। कानून अपनी जगह पर बना हुआ है और उसका खुला उल्लंघन हो रहा है। प्रतिवेदन में कहीं भी कानूनों के कार्यान्वयन के बारे में कि आप क्या कर रहे हैं, कोई भी जिक्र नहीं है। आज इसका नतीजा यह हो रहा है कि आज सरकार जो कर्जा दे रही हैं, बैंकों से दे रही है, या दूसरी संस्थाओं से दे रही है उस कर्जे का एक बड़ा हिस्सा सूदखोरों के हाथ में चला जाता है। जो कर्जा आपसे वे लेते हैं, जिस दर पर लेते हैं, उससे चौगनी, आठ गुनी दर वह किसानों पर लगा देते हैं। जो राष्ट्रीय धन है, वह धन भी आज सूदखोरी को बढ़ाने में मददगार हो रहा है। मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय जब बोलेंगे तो बतलायेंगे कि सरकार की इस बारे में क्या नीति है। जो सूदखोरी विरोधी कानून हमारे देश में हैं, उनको लागू करने के बारे में सरकार क्या कर रही है ? क्या राज्य सरकारों और केन्द्र शासित क्षेत्रों को इन कानूनों को लागू करने के बारे में कोई निर्देश दिये जा रहे हैं कि वे इन कानूनों को लागू करें ? क्या इस सम्बन्ध में कोई प्रयास किया जाएगा ?

सभापति महोदय, आज हमारे दोनों तरफ के मित्रों ने कृषि उत्पादन की कीमत के सवाल पर बहुत कुछ कहा। उन्होंने कहा कि कृषि उपज की चीजों के मूल्य लाभप्रद होने चाहिए, पैदा करने वाले के हित में होने चाहिए। जिस से कि वह अधिक उत्पादन करे और हमारे देश को बाहर से अनाज न मंगाना पड़े, अपने देश की बढ़ती हुई जरूरत को अपने ही देश में पूरा किया जा सके। इस मायने में कृषि उत्पादन बढ़ना राष्ट्र के लिए बहुत जरूरी है और उसके पैदा करने वाले के हित में लाभप्रद मूल्य होना भी बहुत जरूरी है। अगर लाभप्रद मूल्य नहीं होते तो काम नहीं चलेगा।

सभापति जी, जब एक चीज का मूल्य बढ़ता है तो दूसरी चीजों के मूल्य पर भी इसका असर पड़ता है। देश के विभिन्न भागों में मुझे जाने का मौका मिला है। उसके आधार पर

मेरी यह धारणा है कि भारत में एक भी गांव ऐसा नहीं है जिस गांव के किसानों को, जिनमें लघु और सीमान्त किसानों का बहुमत है, एक साल में 6 महीने या 8 महीने बाजार से खरीद कर खाने पर मजबूर न होना पड़ता हो, उन्हें उपभोक्ता बनने पर मजबूर न होना पड़ता हो। इसलिए केवल कीमत बढ़ा देने से ही काम नहीं चलेगा। यह ठीक है कि मूल्य नीति का आधार लाभप्रदता होना चाहिए। लेकिन आपने कृषि वस्तुओं के मूल्य बढ़ा दिये, खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ा दिये तो उनका असर दूसरी वस्तुओं के मूल्यों पर भी पड़ेगा। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि एक समेकित मूल्य नीति होनी चाहिए। जो चीज़ खेत में पैदा होती है उसके मूल्य और जो चीज़ कारखाने में पैदा होती है उसके मूल्य में संतुलन रहे। जो मूल्य पैदा करने वाले किसानों को मिले और जिस मूल्य पर खरीदने वाले उपभोक्ताओं को मिले उन दोनों के बीच में 15-20 प्रतिशत का अन्तर हो, अधिक का न हो। होता क्या है कि किसान से सस्ते में खरीद लिया जाता है और माल व्यापारी के हाथ में चला जाता है। उससे किसान का भी नुकसान होता है और उपभोक्ता को भी। इसलिए खाली दाम बढ़ाने और घटाने से ही काम नहीं चलेगा। जो किसानों को मूल्य मिले, वास्तविक उत्पादन को मूल्य मिले, वह वास्तविक उपभोक्ता को जिस मूल्य पर चीज़ मिले, उनमें 15-20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए। उपभोक्ता के गले पर किसान का नाम लेकर चाकू न चलाया जाए। बीच के लोगों से किसान न लुटे। इन सब चीजों के लिए आवश्यक है कि आवश्यक जीवनोपयोगी वस्तुओं के थोक व्यापार का खाद्यान्न सहित राष्ट्रीयकरण कर दिया जाए। खुदरा लाइसेंस लोगों को दीजिए, ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके और उपभोक्ता को उचित दाम पर सामान मिल सके। कारखाने के माल की कीमत और खेत में उत्पादित माल की कीमत का अनुपात दुरुस्त रहे और लोगों को जीवनोपयोगी सामान मिलता रहे, इसके लिए नितांत आवश्यक है कि सरकार इस सुझाव पर अमल करे।

सहकारिता के बारे में मैं सिर्फ एक सुझाव देना चाहूंगा। प्रगति प्रतिवेदन में सहकारिता की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया है। गांवों में स्थिति यह है कि यदि वहां पर 5 धनी परिवार हैं तो उन्होंने ही सहकारिता पर कब्जा किया हुआ है। आज सीमांत किसान के लिए अलग सहकारिता की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। इससे गरीब किसानों को सहकारिता का लाभ मिल सकेगा। आज गांवों में पुरानी जमींदारी प्रथा नहीं रही, फिर भी वहां पर शोषक और शोषित वर्ग पैदा हो गया है। एक तबका दूसरों के श्रम पर खुशहाल बनकर रहता है।

आज बेकारी की समस्या भयंकर है। अभी मेरे मित्र देश के पिछड़ेपन पर जोर दे रहे थे। विशेषकर पूर्वी भारत काफी पिछड़ा हुआ है। उद्योग धन्धों के मामले में और कृषि के मामले में यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। कृषि विभाग से आशा है कि इस क्षेत्र के विकास के लिए बकरी पालन, मुर्गी पालन, सुअर पालन आदि के लिए सहायता देगा। सुअर शब्द अगर किसी को बुरा लगता हो तो बड़ाह पालन कहा जा सकता है। इससे एक तो बेकारी दूर होगी और दूसरा देश का उत्पादन बढ़ेगा। जो केन्द्र से अनुदान दिया जा रहा है, मेरी जानकारी है कि उसका बहुत बड़ा हिस्सा खत्म हो जाता है। इसको देखने के लिए आप कोई संसदीय दल बनाएं या अपने मंत्रालय में कोई मानेटरिंग व्यवस्था करें। इससे इसकी जांच की जा सकेगी कि अनुदान का सही उपयोग हो रहा है या नहीं। मैंने बहुत प्रयास

किया । तीन वर्ष में मैंने कुछ दर्जन बकरी पालन के लिए, दर्जन से कम पोल्ट्री फार्म के लिए लोगों को तैयार किया । लोग तैयार बड़ी मुश्किल से होते हैं, क्योंकि औद्योगिक संस्कृति का अभाव है । अनुदान का 80-90 प्रतिशत भाग खत्म हो जाता है । इससे पिछड़े क्षेत्रों की प्रगति नहीं हो पाती । खासकर बिहार जैसा राज्य जहां से लाखों लोग भाग कर बाहर जाते हैं, वहां प्रगति नहीं हो पा रही है इसकी जांच करिए । कागज पर नहीं बल्कि स्थान पर जाकर इसकी जांच करिए । आपको स्थिति का पता लग जाएगा । पूर्वी उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, बिहार और पूर्व का सारा इलाका इसमें शामिल है ।

आम का जिक्र किया गया है । इसके बारे में सिर्फ इतना कह दिया गया है कि विश्व का 64 प्रतिशत आम हम पैदा करते हैं । लेकिन उसके विकास के लिए क्या किया जा रहा है, इस बारे में कुछ नहीं बताया गया । इसके विकास के लिए कुछ नहीं किया जा रहा । आपके पास जितनी सड़कें हैं और नहरें हैं, इनके किनारे अगर आप आम लगा दें तो आपका उत्पादन 64 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो जाएगा । अच्छी किस्में जो खत्म हो रही हैं वे भी खत्म नहीं होंगी । अच्छी किस्में जो सबोर और पूसा द्वारा दी हुई हैं उनको भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा सकता है । इस क्षेत्र में स्थिति बड़ी निराशाजनक है । इस दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है । आम का उत्पादन करने वालों को उचित दाम दिलाने के लिए आप क्या प्रयास कर रहे हैं, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है । इसका कोई जिक्र इसमें नहीं है । नारियल के लिए अवश्य कुछ प्रयास हुआ है । इस प्रयास के चलते जो परिणाम मैंने देखा है, उससे यह बात गलत साबित हो गई है कि यह समुद्र के किनारे ही हो सकता है । इसे आप विभिन्न हिस्सों में भी लगा सकते हैं । इससे आमदनी में भी और उसमें भी वृद्धि हो सकती है । मैं आग्रह करूंगा कि मंत्री महोदय ऐसा तरीका निकालें जिसमें जो सासद आलोचना या सहयोग की बात करते हैं, वे भी इसमें मददगार हो सकें । जो इच्छुक हों, वे इसमें मदद कर सकें । एक बात मैं अवश्य कहना चाहूंगा और आशा करता हूं कि मंत्री जी अवश्य सदन में इसका जवाब देंगे । साढ़े सात लाख टन आस्ट्रेलिया से गेहूं मंगाया गया है । पिछले साल 123 रुपये क्विंटल हमने खरीदा था । क्या यह सही बात है कि जो खरीदा गया उसका 32 रुपये क्विंटल अधिक दाम दिया गया ? क्या यह भी सही है कि उसमें से डेढ़ लाख क्विंटल गेहूं बरबाद हो गया और बाकी इधर-उधर गोदामों में पड़ा हुआ है । उसमें कुछ ऐसी खामियां है जिसकी वजह से लोग नहीं ले रहे हैं । इस बात का खतरा है कि पूरा साढे सात लाख टन गेहू घाटे में चला जायेगा । अगर ऐसा है, तो फिर क्यों यह गेहूं लिया गया ? इसके लिए क्या कोई जिम्मेदारी निश्चित की गई है या इसके बारे में कुछ नीति है ? इस बारे में अवश्य सरकार की ओर से जवाब मिलना चाहिए । अब मैं गन्ने के बारे में कुछ कहना चाहूंगा ।

सभापति महोदय : आपके 15 मिनट हो गये हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : यह विभाग मेरे पास नहीं है । इस पर बिचार हो चुका है ।

श्री भोगेन्द्र झा : आपने विभाजन कर लिया है, यह ठीक है । लेकिन मुझे खतरा लगता है कि अगले साल गन्ने की पैदावार कम हो जायेगी । केवल आपका ध्यान दिला रहा हूं । वित्त विभाग और बैंक गन्ना मिलों को पैसा देता है और सिविल सप्लाई विभाग द्वारा

इसकी कीमत तय की जाती है। उत्पादन बढ़ाने की भी इनकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। गन्ने के उत्पादक भी कम होते चले जा रहे हैं।

(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Civil Supplies is not under him.

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : मंत्री जी कह देंगे कि वे जिम्मेदार नहीं हैं।

श्री भोगेन्द्र झा : गन्ना उत्पादकों को फौरन मूल्य मिलना चाहिए। ये किसानों को कर्जा और राहत देने की बात कर रहे हैं। उसका अपना कर्जा बाकी है। इससे वे निरूत्-सहित हो जायेंगे और गन्ने का उत्पादन कम हो जायेगा। उसके बाद विदेशों से चीनी मंगानी पड़ेगी, जैसा कि पहले भी होता रहा है। दूध की डेयरी हमारे यहां काफी दिनों से पड़ी हुई है। उसके बारे में मैंने कट-मोशन दिया है। उसको अब नहीं उठाना चाहता। सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि एक समेकित मूल्य नीति के आधार पर कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए तेजी से कदम बढ़ाएं। कर्ज के बारे में सूदखोर को जो छूट दी गई है और जिसके बारे में ये कानून को लागू नहीं करते हैं, इसको मंत्री जी अपने जवाब में बताए।

श्री हरीश रावत (अल्मोड़ा) : परम् विद्वान अधिष्ठाता जी,···

राव बीरेन्द्र सिंह : शायद टाईम ज्यादा लेना चाहते हैं।

श्री हरीश रावत : आपने याद दिला दिया, उसके लिए आपको धन्यवाद दे रहा हूं। जब हम इस देश की योजनागत् और विशेषकर कृषि क्षेत्र में विकास की बात करते हैं तो हम इस देश के राष्ट्र-नायक नेहरू जी को नहीं भूल सकते। आज जो भी कृषि के क्षेत्र में इंदिरा जी, राव साहब और कृषि मंत्रालय के लोगों के अथक प्रयास से कार्य हो रहा है, इसकी बुनियाद डालने का श्रेय पंडित नेहरू और उस समय के योजनाकारों को है। हमारे एग्रीकल्चर साइन्टिस्ट् विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मैं उनको भी और कृषि मैनेजमेंट के क्षेत्र में करने वालों को भी धन्यवाद देता हूं कि इन सब के सतत् प्रयत्नों का फल है कि हम कृषि उत्पादन के क्षेत्र में जो उपलब्धि पिछले 3 वर्ष में प्राप्त कर पाये हैं उस पर आज हमें गर्व है। लेकिन मान्यवर, जो उपलब्धियां कृषि के क्षेत्र में प्राप्त हुई हैं और विशेषकर कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में उनका लाभ साधारण किसान को नहीं मिल पाता। उसका लाभ अधिकांशत बड़े-बड़े फार्म्सवालों को ही मिलता है। इनका लाभ साधारण किसान को मिले इसके लिये कृषि मंत्रालय को कोशिश करनी चाहिये। जो कोशिश की गई है और जो लैंड रिफार्म है उसमें अभी बहुत कुछ करने को बाकी है। सैकड़ों ऐसे मुकदमे विभिन्न उच्च न्यायालयों में पड़े हुए है। सोशलिस्ट लोग पश्चिम बंगाल की बात करते हैं लेकिन मेरा निवेदन है कि पश्चिमी बंगाल के उच्च न्यायालय में अकेले हिन्दुस्तान के अन्दर जितने लैंड सीलिंग के मामले विचाराधीन हैं उसका 33 प्रतिशत अकेले पश्चिम बंगाल में है। यही नहीं बड़े-बड़े फार्म्स वाले लोग अपनी लैंड को सीलिंग से बचाने के लिये कावेरी के नाम पर लिखा लेते हैं जो एक गाय का नाम भी हो सकता है और लड़के का नाम भी हो सकता है, टोनी के नाम पर लिखा लेते हैं जो कुत्ते का नाम भी हो सकता है और लड़के का नाम भी हो सकता है। इस तरह से लोगों ने अपनी जमीन को बचाया है। इसको सरकार को देखना चाहिये।

राव बीरेन्द्र सिंह : यह रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री में आता है।

श्री हरीश रावत : आप हमारी भावनायें उन तक पहुंचा देंगे । चौथी योजना में स्माल डेवलपमेंट ऐजेन्सी भी···

राव वीरेन्द्र सिंह : यह भी रूरल डेवलमेंट मिनिस्ट्री में आता है । आप एग्रीकल्चर की बात बोलिये ।

श्री हरीश रावत : आपने दो एजेन्सीज क्रीएट की, एक छोटे किसानों के लिये और दूसरी मार्जिनल फार्मर्स और खेतिहर मजदूरों के लिये । मगर उन एजेन्सीज के क्रीएट करने के बाद भी जो उम्मीद थी कि यह विभिन्न ऐफर्टस को कंसालीडेट करके हमारे साधारण गरीब किसान, छोटी होल्डिंग वाले किसान मैक्सिमम फायदा उठा सकें, उस कोआर्डिनेशन के काम को भी वह नहीं कर पाये । मार्जिनल स्माल फार्मर्स तक रिसर्च का फायदा नहीं पहुंचा, घाटा मैनेजमेंट की शिक्षा उनको नहीं पहुंच सकी, क्रौम पैटर्न किस तरह से निर्धारित करता है लैंड का मैक्सिमम यूज किस तरह से करना है इसकी शिक्षा उन्हें नहीं दे पाये । उसकी जमीन किस तरह की है, ऐल्कलाइन है या ऐसिडिटी वाली है, इसकी जानकारी उनको नहीं दे पाये । तो नई तकनीक साधारण और स्माल फार्मर्स तक पहुंचे यह काम करने के लिये इन ऐजेन्सीज को आपके मंत्रालय को ज्यादा इफेक्टिव बनाना चाहिये ।

फर्टिलाइजर्स और ऐग्रीकल्चर टूल्स और इम्प्लीमेंट्स का आधुनिकतम इस्तेमाल लोग नहीं सीख पाये है । ड्राई लैंड फारमिंग में केन्द्रीय सरकार ने काफी काम किया है । राज्य सरकारों ने जो टारगेट दिखाये हैं उनको ठीक तरह से मानीटर करना चाहिये ताकि मालूम हो सके कि वह टारगेट वाकई में प्राप्त हो पाये हैं कि नहीं । ड्राई लैंड फारमिंग का लाभ पर्वती क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल पाया है । पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की कृषि आज भी कृषि वैज्ञानिकों के लिये एक चुनौती है । चाहे कृषि क्षेत्र में कितना ही क्रान्तिकारी काम किया हो, अगर 35 साल की आजादी के बाद भी पर्वतीय क्षेत्रों के अन्तर्गत कृषि उसी पैटर्न पर है जैसे पहले थी । वहां का किसान आज भी उसी प्रकार की फसलों को पैदा कर रहा है जो उसके लिये लाभदायक नहीं हैं । आज भी वह मड़ुआ बोता है जिसमें प्रोटीन नहीं है । मल्सेज को उन्होंने नहीं अपनाया और हार्टिकल्चर के क्षेक्ष में जो काम अंग्रेज कर गये हैं उसी को देख रहा है और देख कर खुश हो रहा है ।

हर्टिकल्चर के क्षेत्र में भी हम किसान के लाभ के लिये कुछ नहीं कर पाये । वहां के वाटर रिसोर्सेज को किस तरह से यूज किया जाये, उस दिशा में भी सराहनीय प्रगति नहीं है । वहां से नदियां और पानी निकलता है, लेकिन वहां के खेत आज भी प्यासे हैं ।

पिछले कुछ वर्षों से विशेषकर हिमाचल में फलोद्यान के क्षेत्र में कुछ काम हुआ है । उनकी देखादेखी हमारे उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में, जम्मू-काश्मीर में भी कुछ काम हुआ है, मगर जो फल वहां पैदा होते हैं उनकी मार्केटिंग और स्टोरेज की व्यवस्था न होने के कारण फलों की अच्छी कीमत वहां के लोगों को नहीं मिलती । इससे लोग हतोत्साहित हो रहे हैं । वहां जो वैजीटेबल्स, सब्जी पैदा हो रही है, यह पैरिशेबल आइटम है, उसके लिए कोई ऐसी सोसाइटी नहीं है जो उनके उत्पादन की मार्केटिंग की व्यवस्था कर सके जिससे उनको उचित मूल्य मिल सके । मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि आज भी जो हमारी कृषि है, वह आपके लिये आपके

मंत्रालय के लिये, कृषि वैज्ञानिकों के लिये एक चुनौती है।

आपने पिछली छठी पंचवर्षीय योजना में यह फैसला किया है कि जम्मू-काश्मीर में एक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी खोलेंगे, मगर उस क्षेत्र में अभी भी कोई प्रगति नहीं हो पाई। पर्वतीय क्षेत्रों में जो डिफरेंट टाइप के रिसर्च सेंटर हैं, छोटे-मोटे एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट हैं, उनको स्ट्रेन्थन करने की जरूरत है। आप स्टेट गवर्नमेंट पर उनको छोड़ देते हैं। स्टेट गवर्नमेंट उनको वजट नहीं देती है इसलिये वह रिसर्च नहीं कर पाते हैं।

हमारे अल्मोड़ा में एक विवेकानन्द रिसर्च लेबोरेटरी है। यह बहुत बड़े व्यक्ति के नाम पर है। बहुत बड़े व्यक्ति एक बार उसके संचालक भी रहे हैं श्री मोती सिंह जी। लेकिन जब आप फंड नहीं देंगे तो वहां क्या होगा? जो वैज्ञानिक हैं, रिसर्च साइंटिस्ट्स हैं, वह हाथ-पर-हाथ रखकर बैठे रहते हैं। पन्त नगर यूनिवर्सिटी से हमको बहुत उम्मीद है, लेकिन जनता पार्टी के लोगों की देन है कि उनके शासन काल में उस विश्वविद्यालय का क्या हाल हुआ है। यह हिन्दुस्तान का ही नहीं, बल्कि दुनिया का महान विश्वविद्यालय है लेकिन वह धीरे-धीरे रुइन (बर्बाद) हो रहा है वहां का एडमिनिस्ट्रेशन इस प्रकार का हो रहा है कि वहां के अध्यापकों को और वैज्ञानिकों को आत्महत्या करनी पड़ रही है।

श्री हरिकेश बहादुर : आप पन्त नगर विश्वविद्यालय की बात कर रहे हैं, वहां अभी एक व्यक्ति ने सुसाइड किया है।

राव बीरेन्द्र सिंह : सुसाइड हुआ है या आप लोगों ने मर्डर किया है, इस बात का क्या पता है?

श्री हरीश रावत : आप पन्त नगर की व्यवस्था को सुधारिये। अगर आप उत्तर प्रदेश में पर्वतीय क्षेत्रों में कोई विश्वविद्यालय नहीं बना सकते हैं तो वहां के रिसर्च सेंटर को स्ट्रेन्थन कीजिये और साथ-ही-साथ उनका को-आर्डिनेशन पन्त नगर विश्वविद्यालय के साथ होना चाहिये।

पन्त नगर विश्वविद्यालय को कहिये कि वह अपने कैम्पस में हार्टिकल्चर, एनीमल हजबंडरी, सीरीकल्चर, फिशरीज और दूसरे तीसरे क्षेत्रों में, जो वहां की इकनामी को प्रभावित कर सकते हैं, उनके बारे में क्या कर सकता है? उसके लिये वह काम करे। अभी तक कोई भी काम पन्त नगर विश्वविद्यालय ने इस क्षेत्र में नहीं किया है।

उस एरिया में जो सेंट्रल लैंड यूज कमीशन आपने बनाया है और उसके मातहत स्टेट में जो डिफरेंट बोर्ड बनाये हैं, यह बोर्ड केवल स्टेट लैवल तक नहीं रहने चाहियें, उन्हें डिस्ट्रिक्ट और ब्लाक लैवल तक आप बढ़ाइये और मातहत सायल टैस्टिंग लैबोरेटरीज बनाइये। वह किसी भी यूज में आज तक नहीं आ रहा है।

आपका जो सोशलिस्टिक फारेस्टरी क प्रोग्राम है वह भी लाभदायक सिद्ध नहीं हो रहा है। अगर कोई व्यक्ति प्राइवेट प्लान्टेशन रेज करना चाहते हैं या और कोई मदद उनसे चाहते हैं तो सायल टैस्टिंग लैबोरेटरी में आपने 2 आदमी रखे हैं जो नान-टैक्नीकल हैं, वह क्या करें? खाली सायल टैस्टिंग का बोर्ड लगा है, इस विषय में भी आप कृपा कर के मदद करें।

मैं सायल कंजरवेशन की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे

पर्वतीय क्षेत्रों में सायल कंजरवेशन का वर्क केवल हिमालय रीजन के लिये नहीं है, वह राष्ट्र के लिये है ।

वहां पर सायल कनजरवेशन के क्षेत्र में जो काम अभी तक किया गया है, वह संतोषजनक नहीं है । इस बारे में तीसरी पंचवर्षीय योजना से कोशिश हो रही है और इस समय तक केवल 21 कैचमेंट्स को आइडेंटीफाई किया जा सका है । ये बड़े कैचमेंट्स हैं । सरकार उन्हीं कैचमेंट्स को लेती है, जिनमें दो हजार हैक्टेयर या उससे अधिक भूमि उपलब्ध होती है और वह उनको नर्स करती है । लेकिन अगर सबसे ज्यादा नुकसान सिल्टिंग, भूक्षरण, का कहीं है, तो वह माइक्रो-कैचमेंट्स में है । जब तक हम इस बारे में देहरादून के फोटो इंस्टीट्यूट की सहायता नहीं लेंगे, जो फोटो सरवे करके अपनी रिपोर्ट सायल कनजरवेशन बोर्ड के पास भेजे और जब तक उसके आधार पर माइक्रो-कैचमेंट्स को आइडेंटीफाई करके माइक्रो कैचमेंट स्कीम नहीं बनाई जाएगी, तब तक यह काम लाभदायक नहीं हो सकता । अगर सरकार समझती है कि केवल 21 कैचमेंट्स के आधार पर सिल्टिंग और फ्लड की प्राबलम हल हो जाएगी, तो वह गलती पर है ।

सायल कनजरवेशन का काम कई एजेन्सीज द्वारा किए जाने के कारण यह योजना उतनी इफेक्टिव नहीं हो पा रही है, जितनी कि वह हो सकती थी । फ्लड प्रोटेक्शन डिपार्टमेंट, स्टेट का इरिगेशन डिपार्टमेंट, एग्रीकल्चरल मिनिस्ट्री का सायल कनजरवेशन डिपार्टमेंट, सोशल फारेस्ट्री डिपार्टमेंट और पैस्चर डेवेलपमेंट डिपार्टमेंट सभी इस काम को करते हैं । अगर हम लोकल लेबल पर पैस्चर डेवेलपमेंट डिपार्टमेंट से कहते हैं कि वह इस काम को करे, तो वह कहता है कि यह गवर्नमेंट आफ इंडिया का प्रोजेक्ट है, वही करेंगे । इसी तरह की बात दूसरे विभाग भी कहते है । मेरा सुझाव है कि स्टेट गवर्नमेंट से बात करके यह व्यवस्था करनी चाहिए कि कम से कम एक कैचमेंट के लिए एक ही डिपार्टमेंट काम करें, ताकि उसकी उपलब्धि को ठीक तरह से आंका जा सके ।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की नियमित रूप से और मौके पर मानिटरिंग होनी चाहिए, क्योंकि इसके लिए जितना पैसा दिया जाता है, उसमें से आधा पैसा उपयोग में नहीं आ पा रहा है । सैंट्रली स्पांसर्ड योजनाओं का भी कमोवेश यही हाल है ।

उत्तर प्रदेश में पर्वतीय क्षेत्र में रामगंगा परियोजना पर फारेस्ट के दो डिवीजन काम कर रहे हैं और उसके लिए 59 लाख रुपया दिया गया है । इससे उस सारे क्षेत्र की सिल्टेशन की प्राबलम हल नहीं होने वाली है । इंजीनियरिंग का काम भी उन्हें सौंप दिया जाता है । उसके लिए काफी पैसा चाहिए । कभी-कभी वे किसी काम को आधे में रोक देते हैं ।

सायल कनजरवेशन के क्षेत्र में देहरादून में दो तीन आर्गनाइजेशन्ज इस प्रकार के काम मे लगी हुई हैं । उन्होंने बड़ा सराहनीय काम किया है । मैंने अपनी आंखों से उनके काम को देखा है । मेरा निवेदन है कि उनकी एक्सपर्ट ओपीनियन से लाभ उठाकर इस काम में लगे हुए डिपार्टमेंट्स को और ज्यादा प्रभावशाली बनाया जाए ।

मेरा यह भी निवेदन है कि उत्तर प्रदेश में नयार नदी, पनार नदी और कोसी कैचमेंट के लिए अधिक धन देने की जरूरत है ।

हिल एग्रोनामी के बारे में मैं फिर कहना चाहता हूं कि जब तक इसको फारेस्ट पर बेस नहीं किया जाएगा, तब तक पर्वतीय क्षेत्रों के

फारेस्ट बचने वाले नहीं है। सरकार ने हाल में एक केन्द्रीय कानून बनाया है। हम लम्बे समय से यह मांग कर रहे थे कि ऐसे कानून की जरूरत है, जिसके अन्तर्गत वनों के कटाव पर रोक लगाई जाए। यह बहुत अच्छा कानून है, लेकिन इसका इम्प्लीमेंटेशन इतना फाल्टी है कि पर्वतीय और आदिवासी क्षेत्रों में लोगों में इस बारे में असंतोष व्याप्त है।

मान्यवर, आप थोड़ा सा वनों की हिस्ट्री को देखिए। 1894 में अंग्रेजों के समय में एक नेशनल फारेस्ट पॉली बनी थी, जिसका लोगों ने स्वागत किया था, क्योंकि वह वनों के संवर्धन के लिए थी। उसके बाद 1927 में अंग्रेज सरकार ने इंडियन फारेस्ट एक्ट पास किया और उस समय पवर्तीय क्षेत्रों के अन्दर एक भयंकर आन्दोलन चला था। क्योंकि लोगों के मन में यह भावना आ गई थी कि फारेस्ट पालिसी बनाकर जो हमारे जंगल थे, जिनको लोग अपना जंगल समझते थे, उनसे उनको दूर हटा देंगे। मैं 1955 के आसपास की बात करता हूं। उस वक्त जंगल में आग लगी, तो मैं खुद तीन-चार बार आग को बुझाने के लिए गया था। आज यह प्रवृत्ति हो रही है कि जंगल में आग लग रही होती है और चलता हुआ आदमी यदि कहीं पर देखता है कि इधर आग नहीं लग रही है, तो उधर भी आग लगा देता है। जंगल आज काफी दूर होते जा रहे हैं। आज इसकी ओर सोचने की आवश्यकता है। हमारी जंगल की पालिसी का आधार यह होना चाहिए कि जिससे वहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। उसका आधार ऐसा होना चाहिए जिससे वहां की तरक्की हो। अभी हमारे पनिका जी और हिमाचल के भाई बता रहे थे, यदि वन के अन्दर कोई पानी का टैंक बनाना है, जब कि उसमें कोई पेड़ कटने वाला नहीं होता है, तो भी उसकी अनुमति लेने के लिए भारत सरकार के पास आना पड़ता है। फारेस्ट डिपार्टमेंट के एटीचूड को आप देखिए, इस कानून के बनने से वे समझते हैं कि उनके खाने पीने का कोई जरिया नहीं है। करप्ट आफिसर और करप्ट डिपार्टमेंट का एक ऐसा गिरोह था, इस एक्ट के बनने से उनके खाने-पीने का जरिया था, वह बन्द हो गया। वे लोग असंतोष पैदा कर रहे हैं। जब वन विभाग के ज्वांइट इन्सपैक्शन की बात आती है, तो उसको तीन-चार महीने के लिए टाल देते हैं। जब कोई योजना स्वीकृत होती है तो उसके ज्वाइंट इन्सपैक्शन को तीन चार महीने के लिए टाल दिया जाता है। फिर राज्य सरकार के लैवल पर कोई काम होता है, तो उसको भी तीन-चार महीने के लिए टाल दिया जाता है। उसके बाद जब केन्द्र सरकार के पास आती है तो परफोरमा को ठीक से भर कर नहीं भेजा जाता है। यह जो लैक्युना है, यह जो कमी है, इसको आपको दूर करना चाहिए। यदि कोई योजना है, जिसमें जंगल नहीं कटेंगे, यदि कट जायें तो दस-बारह पेड़ कट जायें, तो उसकी अनुमति के लिए भी आपके पास आना पड़ेगा। मेरी दृष्टि में यह उचित नहीं है। यदि कोई योजना स्वीकार हो रही है और 1985 में पूरी होनी है, तो इस अधिनियम के कारण स्थानीय लोग यह महसूस करेंगे कि उनकी तरक्की नहीं हो रही है। इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। वन विभाग के एटीचूड को बदलिए। वन विभाग के आफिसर फारेस्ट डेवलपमेंट के काम को अपना काम नहीं समझते हैं। फारेस्ट डेवलपमेंट के काम के लिए, सोशियल फौरेस्ट्री के काम के लिए जब कोई अधिकारी जाता है, तो वह समझता है कि उसको दंडित किया जा रहा है। इस एटीचूड को भी बदलने की जरूरत है।

मान्यवर, जैसे सोशियल फारेस्ट्री का प्रोग्राम है, इस प्रोग्राम के तहत जो काम आप कर रहे हैं, जो पैसा आप दे रहे हैं, उसका ठीक से उपयोग होना चाहिए। इसको भी देखने की आवश्यकता

है। आपने पालिसी स्टेटमेंट में कहा है कि सेन्ट्रल टीम जगह को देखने के लिए जाती है। फारेस्ट डिपार्टमेंट के लोग उसी जगह को दिखाते हैं, जहां अच्छा फारेस्ट पैदा किया हो या गांव वालों की मेहनत से या स्थानीय लोगों की मेहनत से अच्छा काम किया होता है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं, आप मेरे जिले पिथौड़ागढ़ और अल्मोड़ा को देख लीजिए, जितना कहा जाता है उसको 50 प्रतिशत भी काम नहीं होता है। यदि हो जाता तो कोई भी जीमन खाली नहीं रहती। आप वहां जाकर हकीकत को देख सकते हैं। आपने प्लान डाक्यूमेन्ट में कहा है कि जो हमारा छटी पंचवर्षीय प्लान है उसमें फारेस्ट पालिसी को चार-पांच आधार पर माना गया है। एक तो पुराने वनों की रक्षा की बात कही गई है, दूसरे नये वन लगाने की बात कही गई है—ये दोनों बातें बहुत स्वागत योग्य हैं। लेकिन नये वन लगाने का काम जहां करें उसमें गांव के लोगों को भी जोड़े, उनका सहयोग लीजिये। ऐसी लाइन में वन को रेज़ मत कीजिये, जो वाहियात किस्म की हैं या बेकार किस्म की हैं। जिस वन को आप पंचायत लैंड या वेस्ट लैंड पर रेज़ करें, उसके लिये गांव वालों को एशोअर कीजिये कि उस पर उनका ही स्वामित्व रहेगा। अगर लोगों को यह विश्वास नहीं हुआ कि उनका स्वामित्व नही होगा तो वे आपके साथ कोआपरेट नहीं करेंगे।

फयूअल और फाडर के सवाल को लीजिये। जंगल से हमें फयुअल नहीं मिलेगा क्योंकि हम जंगल से काट नहीं सकते, फयूअल के नये साधन हमारे लिये उपलब्ध नहीं हैं—ऐसी हालत में हमारे लोग क्या करें? फाडर की हालत यह है कि उस तरह के फाडर को आप सब्सीडाइज़ नहीं करेंगे जिस तरह के फाडर को हमारे जानवर खा सकते हैं। जंगल के फाडर को हम ला नहीं सकते। ये सब चीजें ऐसी है जिनकी वजह से बड़ी दिक्कत हो रही है।

एग्रीकल्चर इम्प्लीमेन्ट्स लाने के लिये भी लोगों को दिक्कत हो रही है। नये इम्प्लीमेन्ट्स जो वैज्ञानिक आधार वाले इम्प्लीमेन्ट्स हैं, वे उनको दे नहीं रहे हैं। इसलिये मेरा निवेदन है कि आपकी फारेस्ट पालिसी एक बार फिर रिव्यू चाहती है। मैं अपनी तरफ से आपको धन्यवाद देता हूं—जहां पांचवी पंचवर्षीय योजना में आपने वनों के लिये 484 करोड़ रुपये खर्च किये थे, छठी पंचवर्षीय योजना में आप 700 करोड़ रुपये के लगभग खर्च करने जा रहे है। लेकिन यह तभी सार्थक होगा जब कि आप स्थानीय लोगों को वनों के विकास के साथ जोड़ेंगे।

मैं आप से पुनः निवेदन करूंगा—हिल इकानामी को आप जब तक वनों के साथ नहीं जोड़ेंगे, एग्रीकल्चर के साथ नहीं जोड़ेंगे, नई तकनीक वहां के लोगों को नहीं सिखायेंगे, नई जानकारी उनको नहीं देंगे, वहां जो खर्चा होता है उसमें सबसिडी नहीं देंगे, तब तक पर्वतीय क्षेत्रों की इकानमी में परिवर्तन नहीं आयेगा। वहां की कृषि जो 35 साल पहले थी, उसी प्रकार की बनी रहेगी, जो हम सब के लिये चुनौती बनी रहेगी।

अधिष्ठाता महोदय, आप ने मुझे समय दिया, इसके लिये आप को बहुत धन्यवाद।

श्री हरिकेश बहादुर: माननीय सभापति जी, भारत सरकार के माननीय कृषि मंत्री जी ने अभी कुछ दिन पहले गेहूं का मूल्य घोषित किया है। उस को देखकर ऐसा लगता है कि भारत सरकार ने जन-विरोधी कार्य करने का एकाधिकार ग्रहण करने का फैसला किया है। जो भी कार्य सरकार करती है ऐसा लगता है कि सरकार ने फैसला कर लिया है कि जन-

विरोधी काम करना उस की मोनोपोली है। अगर पूसा इन्सीटयूट के वैज्ञानिको से बात की जाए तो वे भी कहते हैं कि कम से कम 200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं पैदा करने का खर्चा आता है और उस पर उस को कुछ मुनाफा दिया जाना चाहिये...

श्री हरीश रावत : 1979 में क्यों नहीं दिया ? 1979 में तो चरण सिंह जी ने रोक दिया था।

श्री हरिकेश बहादुर : अगर आप उन वैज्ञानिकों से अलग से बात करेंगे तब वे आपको बतलायेंगें। मैं कागज के आंकड़े नहीं दे रहा हूं, कागज के आंकड़े देना और देखना मैंने बन्द कर दिया है, क्योंकि कागज के आंकड़ों में कुछ नहीं होता है। आप वैज्ञानिको से सीधे बात कीजिये, तब वे आप को बतलायेंगे कितना खर्च होता है। लेकिन भारत सरकार के लिये इन बातों का कोई महत्व नहीं है और न उस को इस बात की परवाह है कि किसान को लाभकारी मूल्य मिलने चाहियें। इस के पक्ष में इस सदन के सभी सदस्यों ने मांग की है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि पूरे सदन का बहुमत इस पक्ष में होते हुए भी सरकार के ऊपर इस बात का कोई असर नहीं पड़ा है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों के विचारों की उपेक्षा करने का प्रयास यह सरकार कर रही है। इस से वह बात साबित होती है कि सरकार लोकतन्त्र की मर्यादाओं को तोड़ने की प्रक्रिया में संलग्न है।

15.45 hrs.

[DR. RAJINDRA KUMAR BAJPAI: *in the Chair*]

आज हर चीज की कीमतें बढ़ी हैं। खाद की कीमत बढ़ी है, डीजल की कीमत बढ़ी है बिजली की कीमत बढ़ी है, किसान जो पानी खेत में नहरों से लेता है उस की कीमत बढ़ी है। सब चीजों कीं कीमतें बढ़ी हैं। यहां तक कि कुछ चीजों की कीमतें तो तीन गुना चार गुन ले अधिक बढ़ गई हैं। अभी सन् 1978 में हमारे वर्तमान राज्य कृषि मंत्री जी को मालूम होगा जोकि सन् 1978 में तत्कालीन सरकार में उत्तर प्रदेश में मंत्री थे।...

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : सन् 1977 में।

श्री हरिकेश बहादुर : मैं 1977-78 की बात बता रहा हूं। जब वे मंत्री थे तो उन्हें मालूम होगा कि 54 रुपए में जो खाद मिलती थी, आज वही खाद 130 रुपए में मिल रही है। यह भाव बढ़ाने का इन को श्रेय है।

श्री आरिफ मोहम्द खां : तब तो गन्ने में आग लग रही थी।

श्री हरिकेश बहादुर : गन्ने में तो इस साल भी आग लगने वाली है, यह आप देखिए। सरकार को इस बात की परवाह नहीं है कि किसान आज किस स्थित में खेती कर रहा है। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कीमतें स्वयं इस सरकार ने 1980 से अब तक यानी साल में 5 बार बढ़ाई हैं। (व्यवधान) इन लोगों की बातों में जाने की कोई जरूरत नहीं हैं। हर चींज की कीमत कई गुना वढ़ी है और अभी जो सरकार ने गेंहूं के मूल्य में बढ़ोतरी की है, वह ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है और कुछ नहीं है। किसानों को कितनी कठिनाई है, ये लोग भी इस को अच्छी तरह से जानते हैं क्योंकि अगर न जानते होते, तो ये भी मेरी तरह से किसानों

को अधिक मूल्य देने की बात न करते। हमारे सत्ता पक्ष के माननीय सदस्यों ने भी वही बातें कही हैं, जो मैं कह रहा हूं। उन्होंने आप की बात को माना होता, तो वे ऐसी बातें न कहते।

गन्ने के किसानों की बात मैं कर नहीं सकता क्योंकि हमारे माननीय कृषि मंत्री जी कहेंगें कि यह उन के विभाग से सम्बन्धित नहीं है। लगता है कि सारा खेल, मंत्रालय को तोड़-फोड़ करने का जो हुआ है, वह इसलिए हुआ है कि जब किसी प्रकार का मामला उठाया जाए, तो मंत्री जी यह कह सकें कि यह उन के विभाग से सम्बन्धित नहीं है। यह इन की जिम्मेदारी न हो लेकिन हम यह कहेगें कि सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धान्त के आधार पर सरकार चलती है और उस में आप यह नहीं कह सकते कि यह आपकी जिम्मेदारी नहीं है।

एक चीज और कहना चाहता हूं। एक नरसिम्हन समिति बनी हुई थी, जिसके बारे में कुछ जिक्र अखबारों में आया था और उस को मैंने देखा था। उन्होंने कहा था कि गन्ने के किसानों को डिस्क्रज किया जाना चाहिए नहीं तो किसान गन्ने की खेती इतनी करने लगेंगे कि गेहूं, दाल और चावल आदि सब चीजें हमें बाहर से मांगनी पड़ेगी। उन्होंने कुछ ठीक ही कहा था लेकिन उन्होंने सरकार को यह सुझाव नहीं दिया था कि जो अन्य फसलें हैं, उन का लाभकारी मूल्य किसानों को नहीं मिलेगी, इन्सेंटिव नहीं मिलेगा, तो किसान दूसरी फसलों को उगाएगें और नतीजा यह होगा कि धीरे-धीरे किसान उन को छोड़ कर ऐसी फसलें उगाएगें, जिनसे अच्छा पैसा मिले लेकिन अगर अच्छा पैसा गेहूं का मिलने लगे, धान का मिलने लगे, दालों का मिलने लगे तो किसान ज्यादा गन्ना नहीं उएाएगें। इस प्रकार का सुझाव उस कमेटी ने नहीं दिया था। मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि अगर आप चाहते हैं कि गन्ने की खेती कम की जाए और अन्य फसलें ज्यादा पैदा की जाएं, तो किसानों को इन फसलों का लाभकारी मूल्य दीजिए खास तौर पर गेहूं, चना, दाल और तेल की फसलों का। इससे किसानों को इन फसलों को उगाने का इन्सेंठिव मिलेगा। इसलिए जो कीमत आप ने बताई हैं, मुझे पूरी आशा है कि मानानीय मंत्री जी जब अपना वक्तव्य देगें, तो यह बताएगें कि उस रेट को फिर से रिवाइज किया गया है और उस को बढ़ाने जा रहे हैं यदि आप ऐसा नहीं करेंगे, तब तो जैसा मैंने कहा कि जन-विरोधी कार्य करना का अधिकार सरकार ने हासिल कर लिया है, वह बात सही साबित हो जाएगी।

गन्ने के किसानों के बारे में मुझें ज्यादा नहीं कहना है अगर माननीय मंत्री जी अपने सहयोगी मंत्री को कह दें कि किसानों का जो बकाया है, उसको सूद सहित वापस किया जाए और साथ ही साथ मिलों को इतने समय तक चलाया जाए कि खेतों में उसे जलाना न पड़े जैसी कि उम्मीद की जा रही है और मेरा ख्याल है कि बहुत जल्दी ही, इस बजट सेशन का सत्रावसान होने से पहले ही माननीय मंत्री जी को यह खबर मिलेगी कि गन्ने का जलना आरम्भ हो गया है।

किसानों के साथ एक और बड़ी समस्या है और वह यह है कि किसान अगर अपनी खेती में किसी चीज का उत्पादन ज्यादा करता है, तो उसे घाटा होने लगता है और मिल-मालिक अगर अधिक चीज पैदा करता है, तो उस को अधिक लाभ होता है।

16.00 hrs

क्योंकि मिल में पैदा होने वाली चीजों की कीमत कभी नीचे नहीं आती, वह हमेशा आगे बढ़ती है। इसलिए मिल या कारखाने में चीजें पैदा करने वाला मिल-मालिक जितना उत्पादन बढ़ाता है, उससे वह उतना ही लाभ कमाता है। अगर किसान अधिक धान, अधिक गेहूं, अधिक आलू पैदा कर दे तो उसकी कीमत तुरन्त नीचे चली जाती है। नतीजा यह होता है कि किसान को उससे घोर निराशा होती है। अगर सारे किसान यह तय कर लें कि उन्हें अपनी पैदावार नहीं बढ़ानी हैं, कम करनी है तो नतीजा क्या होगा ? नतीजा यह होगा कि जिस तरह से आज की हालत में हमको बहुत सी चीजें बाहर से मंगानी पड़ रही हैं, उसी तरह से हमें किसानों द्वारा पैदा की जाने वाली सारी चीजें भी बाहर से मँगानी पड़ेंगी और इस से हमारे देश की अर्थ व्यवस्था नष्ट हो जाएगी। इसलिए सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए। मिल-मालिक मिल में पैदा होने वाली चीजों के अधिक दाम ले करके देश को लूटते भी हैं और अधिक मुनाफ़ा भी कमाते हैं। अगर किसान लोग देश के हित में थोड़ा अधिक उत्पादन भी कर दें तो उससे उनकी हानि होती है।

माननीय मंत्री जी अभी बाहर चले गये हैं। मेरा विश्वास है कि जो माननीय मंत्रीगण यहां इस समय उपस्थित है, वे उनको जो मैं उनके द्वारा दिये गये वक्तव्यों के बारे में कहना चाहता हूं, बतायेंगे। अभी जो देश में भयंकर ओलावृष्टि हुई है, बारिश हुई है, उससे किसानों को जो भारी नुकसान हुआ है, उसके बारे में मन्त्री जी का बयान आता है कि कोई अधिक नुकसान नहीं हुआ है। मुझे नहीं मालूम कि इस प्रकार का वक्तव्य मन्त्री जी ने बिना सर्वे कराये कैसे दे दिया।

PROF. N.G. RANGA (Guntur) : That was about four days ago. The situation has become worse now only.

SHRI HARIKESH BAHADUR : Now the situation is very bad. But the Minister says that the situation is not very bad.

माननीय मन्त्री जी कहते हैं कि बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ, जबकि चारों तरफ किसान कहते हैं कि बहुत अधिक नुकसान हुआ है। जिन लोगों ने सर्वे किया हैं वे कहते हैं और सभी लोग कहते हैं कि बहुत अधिक हानि हुई है। लेकिन माननीय मन्त्री जी कहते हैं कि मैंने जा कर के देखा है और पाया है कि बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है। इसका मतलब यह होता है कि वे व्यक्तिगत तौर पर कोई बात नहीं करते हैं, वे भारत सरकार के मस्तिष्क को बताते हैं। इस से यह सिद्ध होता है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से दूर भागना चाहती है। इस समय जो भारतवर्ष में संकट आया हुआ है, उसके बारे में अगर यह कह दिया जाए कि कोई संकट आया ही नहीं तो इससे सरकार की जिम्मेदारी कम हो जाती है और संकटग्रस्त लोगों को मदद करने की बात भी कम हो जाती है। इसलिए मुझे लगता है कि सरकार की तरफ से ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है कि यह जो ओला पड़ा है, बारिश हुई है, उसके बारे में ऐसा लगे कि कोई नुकसान नहीं हुआ है। मैं कहना चाहता हूं कि किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और सरकार को ईमानदारी के साथ इस बारे में विचार करना चाहिए और जितनी भी वसूली है वह बन्द कर देनी चाहिए और किसी प्रकार की भी रिकवरी नहीं होनी चाहिए। इस के साथ ही जिन क्षेत्रों में किसानों को हानि हुई है, उन किसानों को मुआवजा देने की बात भी होनी चाहिए। हमेशा यह मांग

होती रही है और अभी भी यह मांग हो रही है। सरकार की ओर से भी आश्वासन आता रहता है। उसी प्रकार आश्वासन अभी भी सरकार दे देगी। सरकार जो आश्वासन दे उसका क्रियान्वयन भी होना चाहिए, उसका इम्पलीमेन्टेशन होना भी जरूरी है। मैं सरकार और माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि किसानों की जो फसल बर्बाद हुई है, उस बर्बाद हुई फसलों को देखते हुए वे मुआवजा देने की बात पर विचार करें।

माननीय कृषि मंत्री जी ने एक वक्तव्य दिया है जोकि अखबारों में छपा है। 27 तारीख का हिन्दुस्तान टाइम्स है इसे मैं उद्धृत कर रहा हूं :

The Hindustan Times of 27th February, 1983

"No self-sufficiency in food : India is not self-sufficient in agriculture as yet and imports in foodgrains and edible oils would have to be made for many years to come. Union Agriculture Minister Rao Birendra Singh said".

यह माननीय मंत्री जी का वक्तव्य है। वे स्वयं इस बात को कहते हैं कि अभी हम सैल्फ सफिशिएंट नहीं हुए हैं अन्यथा हम इंपोर्ट क्यों करते। उन्होंने एक बात और कही है—

"He blindly blamed the agricultural scientists and research institutes in the country and through them the Indian Council of Agricultural Research (ICAR) for having delayed the achievement of self-sufficiency in agriculture."

यह अपने आपमें बहुत गंभीर बात है। माननीय मंत्री जी ने इसको अनुभव किया है, यह एक महत्वपूर्ण बात है। वास्तविकता तो यह है कि आमतौर पर सरकार द्वारा ऐसी बातों का बचाव ही किया जाता है। मंत्री जी ने वैज्ञानिकों के समक्ष इस बात की कहा है, इस बात की हमें खुशी है। सवाल इस बात का है कि आत्मनिर्भरता क्यों नहीं आ रही है। इसके बारे में अभी बताया गया है कि लाभकारी मूल्य नहीं मिलते इसलिए किसान हतोत्साहित होता है। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। वैज्ञानिकों के संबंध में भी विचार करना चाहिए। आज आई०सी०ए०आर० की हालत बहुत खराब है। वहां के वैज्ञानिक अपने आपको बहुत हतोत्साहित महसूस करते हैं।

राव बीरेन्द्र सिंह : यह ठीक नहीं है।

श्री हरिकेश बहादुर : लोगों को इस बात का अनुभव है कि वैज्ञानिकों के साथ अन्याय होता है। टाइम्स आफ इंडिया में "डिसकवरी आफ डैथ्स" आर्टिकल छपा है। मंत्री महोदय ने इसको देखा होगा। यह बहुत गंभीर बात है। इसके बारे में मैंने 377 में वक्तव्य भी दिया था। उसका जवाब भी मेरे पास आया है। सरकार में सिर्फ एक-दो मंत्री ही ऐसे हैं जो 377 का जवाब देते हैं। जवाब गलत है या सही यह अलग बात है। जवाब में अभी जो दो आत्म हत्याएं हुई हैं, उनका जिक्र नहीं किया गया है। पता नहीं क्यों उनको छोड़ दिया गया है। मैं इस बारे में इतना जरूर कहना चाहता हूं कि सारे मामले की गंभीरता से समीक्षा करनी चाहिए। कुछ वैज्ञानिक असंतुष्ट हैं। उनको ऐसा लगता है कि उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है, पदोन्नति समय से नहीं हो रही है। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि हम लोग जो बातें कहते हैं उनको गंभीरता से देखना चाहिए। सरकार को देखना चाहिए कि वैज्ञानिक निराश होकर आत्महत्या न करें। उनकी शक्ति का उपयोग देश की प्रगति में हो सके।

तलवार कमेटी ने एक रिपोर्ट दी थी। उसमें कहा गया था कि आई. ए. आर. आई. में एक बायो केमिस्ट्री डिवीजन है। इसमें एनिमल हाउस तो है लेकिन एनिमल्स नहीं हैं। यह बड़ी गंभीर रिपोर्ट थी। पता नहीं उस पर कार्यवाही हुई या नहीं। मेरा अनुरोध है कि इस प्रकार की जो रिपोर्ट्स आती हैं, उन पर ध्यान देकर कार्यवाही की जाए। जिनकी गलती है उनको दण्ड दिया जाए।

एक स्कैण्डल के बारे में न्यूज पेपर की रिपोर्ट बताना चाहता हूं। मामला अगस्त 1981 का है। यह बात अखबारों में छपी है। अखबार से कोट करना चाहता हूं। बाद में मैं मन्त्री जी को भी दे दूंगा—

"The CBI is investigating suspected involvement of senior officers of the Agriculture Ministry in the leakage of secret documents on the wheat procurement position and its import from the United States to certain multi-national companies in the capital."

आशा है मन्त्री जी को इस रिपोर्ट की जानकारी होगी। इसकी जांच की गई या नहीं और किसी को दण्डित किया गया या नहीं? अगर इस प्रकार के कार्य होते रहेंगे तो इससे देश को क्षति पहुंचेगी। इस प्रकार के मामलों को गंभीरता से लिया जाए और जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

इन शब्दों के साथ मैं एक बार फिर मूल्यों के बारे में कहना चाहता हूं।

जो आपने मूल्य निर्धारित किए हैं, उन पर पुनर्विचार किया जाय। गेहूं का जो समर्थन मूल्य घोषित किया है, उसके लिए मैं मांग करता हूं कि उसे आप अवश्य बढ़ाएं।

श्री राम नगीना मिश्र (सलेमपुर): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं कृषि मन्त्रालय की अनुदान मांगों के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। पूर्व-वक्ताओं ने अनेक बातों पर प्रकाश डाला है। समय कम है, इसलिए चन्द बातों पर मन्त्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। यह बात सत्य है कि 1952 में 36 करोड़ की आबादी थी। उस वक्त दो वक्त चूल्हा नहीं जलता था। लेकिन आज 70 करोड़ की आबादी में सबको भोजन मिल रहा है। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है फिर भी इतने से संतोष नहीं करना चाहिए। मैं खासतौर से उत्तर प्रदेश के बारे में जिक्र करना चाहता हूं। जब आफत पड़ती है तो केन्द्र सरकार हर प्रदेश को सहायता देती है। जहां-जहां सूखा पड़ा, उन प्रदेशों को आपने काफी धनराशि सहायता के रूप में दी। उत्तर प्रदेश 10 करोड़ आबादी की का प्रदेश है और देश का छठा भाग हैं। अगर आप आंकड़े देखेंगे तो पता चलेगा कि सबसे अधिक उत्तर प्रदेश ही प्रभावित रहा है। किन्तु, अफसोस इस बात का है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट से एक पैसे की भी सहायता नहीं मिली। इससे बढ़कर कोई आश्चर्य नहीं हो सकता। मैं समझता हूं, अगर इस बात को न कहूं तो मैं अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं कर पाऊंगा। इसी सदन में प्रश्नोत्तरकाल में एक सप्लीमेन्टरी सवाल आया था जिसमें बताया गया था कि बंगाल, उड़ीसा और बिहार को सूखे के समय राहत दी गई, किन्तु उत्तर प्रदेश को नहीं दी गई। कुछ ऐसा आभास हुआ कि उत्तर प्रदेश सरकार ने समय से रिपोर्ट नहीं दी। मैं समझता हूं उत्तर प्रदेश के सांसदों ने भी उत्तर प्रदेश की सरकार से इस बारे में पूछा है। वहां की रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट को उत्तर प्रदेश सरकार ने सूखे के बारे में समय-समय पर सूचित किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने जो आंकड़े पेश किए, उसके मुताबिक 28 लाख 13 हजार हेक्टेअर से अधिक ऐसी जमीन थी जो सूखे की वजह से बोई नहीं जा सकी। 42 लाख 27 हजार हेक्टेअर से अधिक जो फसल बोई गई थी, वह सूखे से प्रभावित थी। वहा 46 जिले ऐसे हैं जो सूखे से प्रभावित हैं। आश्चर्य इस बात का है कि एक भी पैसा राहत के लिए नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने पौने दो अरब की मांग की थी। अगर आप दे देते तो कम से कम उत्तर प्रदेश को बहुत बड़ी राहत मिल सकती थी। मैं देवरीया जिले का रहने वाला हूं और सलेमपुर मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 72 फीसदी वहां नुकसान हुआ। जब सेन्टर से सहायता नहीं मिली तो वहां से भी कुछ नहीं मिल पाया। मैं जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया? हमारे किसानों के साथ बड़ा अन्याय हुआ है। इससे उत्तर प्रदेश के लोगों पर बड़ा खराब असर पड़ रहा है। यहां से कहा गया था कि उत्तर प्रदेश सरकार ने समय से सूचना नहीं दी। लेकिन असल बात यह है कि दो-तीन बार उत्तर प्रदेश सरकार ने सेन्ट्रल गवर्नमेंट को रिपोर्ट दी और सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने 13-3-63 को यह सूचित किया कि हम आपको सूखे के लिए सहायता नहीं दे सकते। मैं जानना चाहूंगा क्या 13-3-83 को केन्द्र सरकार ने कहा कि हम सहायता नहीं देंगे। और क्या उत्तर प्रदेश की जानकारी आपको नहीं है? हमारे प्रदेश के मंत्री भी हैं। तो पुनः मैं मंत्री जी से कहूंगा कि जो धनराशि 175 करोड़ की आप देते उसको पुनः उत्तर प्रदेश को दीजिये। आज प्रकृति भी हमारा साथ नहीं दे रही है। मैं जब ट्रेन से आ रहा था देखा इतनी बारिश हुई है कि जैसे धान पानी में रहता है उसी तरह से गेहूं की फसल पानी में है और कुछ थोड़ी सी बाल दिखाई दे रही है। कटी हुई अरहर सड़ गई, कटा हुआ गेहूं खलिहान में सड़ रहा है, खड़ा गेहूं पानी में डूबा हुआ है। बड़ी उम्दा फसल है, लेकिन प्रकृति ने साथ नहीं दिया। इसके पहले वाला सूखा और आज की वर्षा से उत्तर प्रदेश तबाह हो गया है। तो हमें रा: दीजिये।

बहुत सी बातें आ गई हैं, संयोग की बात ऐसी है कि कृषि मंत्रालय ऐसा है कि इसमें सारे मंत्रालयों का समावेश है। अगर समय से पानी न मिले तो भी फसल न हो, बिजली न मिले तो ट्यूब वैल न चलें और फसल न हो, और दोनों हों लेकिन समय से खाद न मिले तो भी काम न चले। फसल जो तैयार है, जैसे गन्ना है अगर सड़क नहीं है तो मिल में नहीं जा सकता। तो यह भी पी०डब्लू०डी० का काम है। तो ऐसा मंत्रालय है कि सारे मंत्रालयों का समावेश कृषि मंत्रालय में है। मैं तो चाहता हूं कि अगर सचमुच में गांव की तरक्की करनी है तो कृषि मंत्रालय की मदद के लिये सारे मंत्रालयों की एक समन्वय समिति होनी चाहिये जो समय से यह सारी चीजें मुहैया करा सके कृषि के लिये।

यह बात सच है कि आज शहर में जो सुविधायें मिल रही हैं उसके कम्पेरीजन में गांव की विशेष उपेक्षा हो रही है। यही कारण है कि गांव से लोग शहरों को भाग रहे हैं। 80 फीसदी लोग गावों में रहते हैं। मैं मानता हूं कि गांवों की हालत पहले से कुछ अच्छी है, लेकिन शहर के मुकाबले में गांव की तरक्की नहीं हो पायी है। जिस शहर में 10 साल पहले एक मंजिला कोठी थी वहां तीन मंजिला बन गई, अट्टालिकायें आसमान छू रही है, शहरों में अच्छे-अच्छे पार्क बन रहे हैं। लेकिन गांव के लिये क्या? कुछ नहीं। यहाँ तक कि जो किसान गल्ला पैदा करता है गेहूं, धान तो राशन कार्ड बनता है शहर के लोगों का, जो लखपती होता है उसको भी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन मिलता है। अफसोस यह है कि जो गल्ला

